


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने 2008 के मालेगांव ब्लास्ट मामले में फैसला सुना दिया। 17 साल बाद आए इस फैसले में भाजपा की पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को क्लीन चिट मिल गई है। डेढ़ दशक से अधिक समय तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया।

# मालेगांव ब्लास्ट में 'सबूत' नहीं, साध्वी प्रज्ञा समेत 7 बरी, दो 17 साल से फरार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

कोर्ट ने कहा कि उनके खिलाफ कोई विश्वसनीय और ठोस सबूत नहीं हैं। कोई भी धर्म हिंसा नहीं सिखाता है। उसने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन अदालत सिर्फ धारणा के आधार पर दोषी नहीं ठहरा सकती। एनआईए के मामलों की सुनवाई के लिए यहां नियुक्त विशेष न्यायाधीश ए के लाहोटी ने अभियोजन पक्ष के मामले और जांच में कई खामियों को उजागर किया और कहा कि आरोपी व्यक्ति संदेह का लाभ पाने के हकदार हैं। मुंबई से लगभग 200 किलोमीटर दूर मालेगांव शहर में 29 सितंबर 2008 को एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में लगाए गए विस्फोटक उपकरण में विस्फोट होने से छह लोगों की मौत हो गयी थी और 101 अन्य लोग घायल हो गए थे। इस मामले के आरोपियों में प्रज्ञा ठाकुर, लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय, अजय राहिरकर, सुधाकर द्विवेदी, सुधाकर चतुर्वेदी और समीर कुलकर्णी शामिल थे। कोर्ट ने जैसे ही सातों आरोपियों को बरी करने का फैसला सुनाया तो उन सभी के चेहरों पर मुस्कान छा गयी और उन्होंने राहत की सांस ली। उन्होंने न्यायाधीश और अपने वकीलों का आभार जताया। न्यायाधीश ने फैसला पढ़ते हुए कहा कि मामले को संदेह से परे साबित करने के लिए कोई 'विश्वसनीय और ठोस' सबूत नहीं है। अदालत ने कहा, मात्र संदेह वास्तविक सबूत की जगह नहीं ले सकता। साथ ही, ▶▶| शेष पेज 6 पर

### ये सात आरोपी बरी

- प्रज्ञा ठाकुर
- लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित
- मेजर (सेवानिवृत्त) रमेश उपाध्याय
- अजय राहिरकर
- सुधाकर द्विवेदी
- सुधाकर चतुर्वेदी
- समीर कुलकर्णी

### कोर्ट के फैसले की बड़ी बातें

- बाइक किसने पार्क की, सबूत नहीं
- कर्नल पुरोहित के घर पर आरडीएक्स का सबूत नहीं
- आतंकवाद का कोई रंग नहीं होता है
- कानूनी तौर पर मान्य सबूत नहीं हैं
- आरडीएक्स लगाने ओर बम लाने सबूत नहीं

### मालेगांव ब्लास्ट

नासिक के मालेगांव में 29 सितंबर, 2008 को रमजान के पवित्र महीने में रात 9:35 मिनट पर मालेगांव की भिक्खू चौक पर शक्तिशाली विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई थी और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। बम ब्लास्ट के अगले ही दिन से नवरात्रि की शुरुआत होनी थी।



समीर कुलकर्णी | मेजर (रि.) रमेश उपाध्याय | ले. कर्नल प्रसाद पुरोहित | पूर्व सांसद, प्रज्ञा ठाकुर | अजय राहिरकर

### 2011 में एनआईए को मिली थी जांच

मालेगांव ब्लास्ट के दो हफ्ते बाद कुल 11 लोगों को अरेस्ट किया गया था। इसमें कर्नल पुरोहित भी शामिल थे। पुरोहित अभिनव भारत नाम का संगठन चलाते थे। एटीएस ने इस मामलेमें जनवरी 2009 में चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें कुल 11 लोग आरोपी थी। इसके बाद मार्च, 2011 में यह मामला एनआईए को ट्रांसफर कर दिया गया था। मार्च, 2016 में एनआईए ने सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की थी।

### दो मुख्य आरोपी अब भी 'लापता'

साल 2008 के मालेगांव ब्लास्ट केस से जुड़े दो लोगों को अब भी राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से वॉन्टेड आरोपी के तौर पर दिखाया गया है। मुकदमे का सामना कर रहे सात आरोपियों को कोर्ट से बरी किए जाने के बाद भी अगर कभी ये दो आरोपी गिरफ्तार होते हैं, तो उन्हें मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। दो प्रमुख आरोपी संदीप डांगे और राम कलसांगरा को अभी भी आरोपी के रूप में दिखाया गया ▶▶| शेष पेज 6 पर

### मैं जीवित हूं, क्योंकि संन्यासी हूं...

पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने कहा, मैंने शुरू से ही कहा है कि जिन लोगों को जांच के लिए बुलाया जाता है, उसके पीछे कोई आधार होना चाहिए। मुझे जांच के लिए बुलाया गया और गिरफ्तार कर प्रताड़ित किया गया। इससे मेरा पूरा जीवन बर्बाद हो गया। मैं एक साधु का जीवन जी रही थी, लेकिन मुझे फंसा दिया गया।

### कब क्या हुआ

- **सितंबर 2008 :** महाराष्ट्र के नासिक जिले के मालेगांव में एक मोटरसाइकिल पर लगाए गए बम में विस्फोट हो गया। छह लोग मारे गए और 101 घायल हुए।
- **30 सितंबर 2008:** मालेगांव के आजाद नगर पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई।
- **21 अक्टूबर 2008:** महाराष्ट्र के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मामले की जांच अपने हाथ में ली।
- **23 अक्टूबर 2008:** एटीएस ने मामले में पहली गिरफ्तारी की। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और तीन अन्य को गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने दावा किया कि विस्फोट दक्षिणपंथी चरमपंथियों ने किया था।
- **नवंबर 2008:** लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित को विस्फोट की साजिश में कथित संलिप्तता के आरोप में एटीएस ने गिरफ्तार किया।
- **20 जनवरी 2009:** एटीएस ने प्रज्ञा ठाकुर और पुरोहित सहित 11 गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। आरोपियों पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका), गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कठोर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए। दो व्यक्तियों- रामजी उर्फ रामचंद्र कलसांगरा और संदीप डांगे को वांछित अभियुक्त बताया गया।
- **जुलाई 2009:** विशेष अदालत ने कहा कि इस मामले में मकोका के प्रावधान लागू नहीं होते और अभियुक्तों पर नासिक की एक अदालत में मुकदमा चलाया जाएगा।
- **अगस्त 2009:** महाराष्ट्र सरकार ने विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में अपील दायर की।
- **जुलाई 2010:** बंबई उच्च न्यायालय ने विशेष अदालत के आदेश को पलट दिया और मकोका के तहत आरोपों को बरकरार रखा।
- **अगस्त 2010:** पुरोहित और ▶▶| शेष पेज6 पर

### भाजपा बोली- माफी मांगे कांग्रेस

मप्र के सीएम मोहन यादव और भाजपा की वरिष्ठ नेता उमा भारती ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में अदालत के फैसले का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं, खासकर दिग्विजय सिंह को 'हिंदू आतंकवाद' का विमर्श गढ़ने और 'संतों' को बदनाम करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। यह निर्णय सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को करारा जवाब है।

### आतंकवाद को किसी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी धर्म से नहीं जोड़ा जाना चाहिए और कोई भी आस्था हिंसा का समर्थन नहीं करती। राज्यसभा सदस्य ने कहा कि चरमपंथी वे लोग होते हैं,जो नफरत फैलाने के लिए धर्म को विकृत करते हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं के उन आरोपों को निराधार बताया कि कांग्रेस ने राजनीतिक लाभ के लिए 'हिंदू आतंकवाद' शब्द गढ़ा था। सिंह ने कहा कि भाजपा का आरोप पूरी तरह से झूठा है।

## फर्जी दिव्यांगों में 7 डिप्टी कलेक्टर तीन नायब तहसीलदार, कुल 154 इनमें ज्यादातर श्रवण बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

छत्तीसगढ़ में फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर सरकारी नौकरी कर रहे अधिकारियों- कर्मचारियों पर अब शिकंजा कसने का काम तेज हो गया है। खास बात ये है कि इन फर्जियों में सात डिप्टी कलेक्टर, तीन नायब तहसीलदार, सहित कई अन्य विभागों में अलग-अलग पदों पर काम कर रहे हैं। फिलहाल 154 के नाम सामने आए हैं।

राज्य में फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी करने के मामले में करीब दो साल पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। ▶▶| शेष पेज 6 पर

### जांच में सामान्य

हरिभूमि को मिले दस्तावेज के मुताबिक शासकीय उमावि, सरईपतेरा विकासखंड लोरमी में व्याख्याता के रूप में काम कर रहे एक व्यक्ति के पास श्रवण बाधित दिव्यांग प्रमाणपत्र था। इसकी जांच रायपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज में की गई। जांच रिपोर्ट से यह तथ्य सामने आया कि इस व्याख्याता के दोनों कान के पर्दे सामान्य हैं। आडियोलाजिकल इवैल्युएशन के बाद पाया गया कि दोनों कानों की श्रवण शक्ति सामान्य है। ये दिव्यांगता की श्रेणी में नहीं आते एवं दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए पात्र नहीं हैं।

साय मिले गडकरी से

## एससीआर के मार्ग बनेंगे फोरलेन रायपुर में चार नए पुल की मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ की अधोसंरचना को रफ्तार देने के लिए आज एक अहम क़दम उठाया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्र नितिन गडकरी से मुलाक़ात की, जिसमें राज्य की कई महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली। बैठक की सबसे बड़ी उपलब्धि रही केन्द्रीय सड़क निधि के तहत 600 करोड़ रुपये की मंजूरी। इसके ज़रिए छत्तीसगढ़ में कई सड़कों के ▶▶| शेष पेज 6 पर

### यात्रा ही नहीं बदलाव का रास्ता

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सड़कें केवल यात्रा का साधन नहीं हैं, बल्कि विकास, रोजगार और सामाजिक बदलाव का रास्ता हैं। अँजोर विजन 2047' के तहत छत्तीसगढ़ सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव, हर नागरिक तक बेहतर और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन पहुंचे। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह भी उपस्थित थे।




*केदारनाथ। भूस्खलन के कारण केदारनाथ पैदल मार्ग पर कई श्रद्धालु फंस गए थे। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस श्रद्धालुओं को निकालने में लगी है। एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे तक 800 यात्रियों को निकाला। मौके पर लगभग 60-70 यात्री रुके हैं। भारी बारिश की चेतावनी के बीच तैयारियों पर राज्य के आपदा सचिव विनोद कुमार सुमन ने कहा कि कहीं भी कोई महत्वपूर्ण नुकसान नहीं हुआ है। हमारा चार धाम मार्ग कुछ क्षेत्रों को छोड़कर ज्यादातर खुला है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड के बीच की सड़क पर मलबा है, लेकिन यह रोजाना खुली रहती है। इसी तरह, सिरोबगड़ में सड़क ज्यादातर दिनों में बंद रहती है। हम इसे फिर से खोल रहे हैं और स्थायी मरम्मत सुनिश्चित कर रहे हैं।*

### एनडीआरएफ- एसडीआरएफ व लोकल पुलिस ने निकाला

# केदारनाथ में फंसे 800 श्रद्धालुओं का रेस्क्यू








## गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद

गंगोत्री राजमार्ग पर गंगोत्री जाने वाला मार्ग बंद है, और पिथौरागढ़ में भी एक बंद है। लगभग 35 पीडब्ल्यूडी और ग्रामीण सड़कों को फिर से खोलने की कार्रवाई चल रही है। सुबह दो सौ यात्री दर्शन करके लौटे हैं, जो कि पैदल ट्रैक पर हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरफ ने गौरीकुंड से 2179 यात्रियों को अस्थायी पगडंडी का निर्माण कर जंगल के रास्ते सकुशल सोनप्रयाग पहुंचाया, जिसमें 1679 पुरूष, 414 महिलायें और 47 बच्चे शामिल हैं। यात्री बाबा केदार के दर्शन कर लौटे थे और राष्ट्रीय राजमार्ग के मुनकटिया के समीप भारी भूस्खलन के कारण बंद होने से फंस गये थे।



**खबर संक्षेप**

### एअर इंडिया के विमान में फिर खराबी, टालनी पड़ी लंदन फ्लाइट



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया का विमान नई दिल्ली एयरपोर्ट से लंदन के उड़ान भरने वाला था लेकिन तकनीकी खराबी के कारण विमान उड़ान नहीं भर पाया। आखिरकार एअर इंडिया के इस उड़ान को रद्द कर दिया गया। एअर इंडिया के एक प्रवक्ता ने बताया कि 31 जुलाई को दिल्ली से लंदन जाने वाली उड़ान संख्या एआई 2017 संदिग्ध तकनीकी समस्या के कारण वापस लौट आई। कॉकपिट क्रू ने मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उड़ान को रोकने का फैसला किया और एहतियाती जांच के लिए विमान को वापस ले आए। यात्रियों को जल्द से जल्द लंदन ले जाने के लिए एक वैकल्पिक विमान तैनात किया जा रहा है। हमारा ग्राउंड स्टाफ इस अप्रत्याशित देरी के कारण होने वाली असुविधा को कम करने के लिए मेहमानों को हर संभव सहायता और देखभाल प्रदान कर रहा है।

### ईरान से तेल खरीद पर अमेरिका का बड़ा एक्शन!

# हिंदुस्तान के पीछे पड़ी ट्रंप सरकार, छह भारतीय कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में उथल-पुथल मच गई है। अब आज अमेरिका ने एक बड़ा कड़ा कदम उठाते हुए ईरानी पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद-फरोख्त को लेकर छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। यह ऐलान अमेरिकी विदेश विभाग ने किया है, जिसमें स्पष्ट कहा गया है कि ये कंपनियां ईरान के खिलाफ लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रही थीं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की ''महत्वपूर्ण' बिक्री और खरीद के लिए छह भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं।




#### अमेरिका का तर्क

अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा, ''ईरानी सरकार अपनी अस्थिरताकारी गतिविधियों के लिए धन जुटाने हेतु पश्चिम एशिया में संघर्ष को बढ़ावा दे रही है। आज, अमेरिका ऐसे राजस्व के प्रवाह को रोकने के लिए कदम उठा रहा है, जिसका इस्तेमाल यह सरकार विदेशों में आतंकवाद को समर्थन देने और अपने ही लोगों को दमन करने में करती है।' उसने ईरानी पेट्रोलियम, पेट्रोलियम उत्पादों या पेट्रोकेमिकल व्यापार में शामिल 20 वैश्विक संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की। विदेश विभाग ने कहा कि भारत, संयुक्त अरब अमीरात, तुर्किये और इंडोनेशिया की कई कंपनियों को ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पादों की महत्वपूर्ण बिक्री और खरीद के लिए प्रतिबंधित किया जा रहा है। विभाग ने अपने बयान में कहा, ''जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप पहले ही कह चुके हैं, कोई भी देश या व्यक्ति जो ईरानी तेल या पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदता है, वह अमेरिकी प्रतिबंधों के खतरे का सामना करेगा और अमेरिका के साथ व्यापार नहीं कर पाएगा।'

#### इन कंपनियों पर लगा प्रतिबंध

ईरान के पेट्रोकेमिकल व्यापार को निशाना बनाते हुए अमेरिका ने कई देशों की 13 कंपनियों को प्रतिबंधित किया है। भारत की जिन कंपनियों को प्रतिबंधित किया गया है, उनके नाम हैं- कंचन पॉलिमर्स, अलकेमिकल सॉल्यूशन्स, रमनीकलाल एस गोसालिया एंड कंपनी, जूपिटर डाई चेम प्राइवेट लिमिटेड, ग्लोबल इंडस्ट्रीज, पर्सिस्टेंट पेट्रोकेम प्राइवेट लिमिटेड। इन कंपनियों ने जनवरी 2024 से जनवरी 2025 के बीच ईरानी मूल के पेट्रोकेमिकल उत्पाद खरीदे थे।

#### 50 से ज्यादा व्यक्ति और संस्था पर भी होगा एक्शन

इसके अलावा, अमेरिकी वित्त विभाग ने 50 से ज्यादा व्यक्तियों और संस्थाओं को नामित किया है और 50 से ज्यादा जहाजों की पहचान की है जो ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली ख़ामेनेई के शीर्ष राजनीतिक सलाहकार अली शमखानी के बेटे मोहम्मद हुसैन शमखानी द्वारा नियंत्रित विशाल शिपिंग साम्राज्य का हिस्सा हैं। वित्त विभाग ने इसे ''2018 के बाद से ईरान से जुड़ी सबसे बड़ी कार्रवाई' बताया है। वित्त विभाग के बयान में संयुक्त अरब अमीरात स्थित भारतीय नागरिक पंकज नागजीभाई पटेल का भी नाम प्रतिबंध सूची में है, जो हुसैन के नेटवर्क में कई शिपिंग कंपनियों में कार्यकारी के रूप में काम कर चुके हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी**

# 'दल-बदल अगर न रोका जाए, तो यह लोकतंत्र को कमजोर कर सकता है'

### विधायक अयोग्यता मामले में 3 माह में फैसला लें : सीजेआई



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तेलंगाना में बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को तीन महीने में फैसला लेने का निर्देश दिया है। इन 10 बीआरएस विधायकों ने कांग्रेस पार्टी ज्वॉइन की थी, लेकिन तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष ने इनकी अयोग्यता पर लंबे समय तक कोई फैसला नहीं लिया। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को मामले में सुनवाई करते हुए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष को निर्देश दिया कि वह 10 बीआरएस के विधायकों की अयोग्यता पर तीन महीने में फैसला लें। इस बीच, 'दल-बदल' पर सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, 'ये मुद्दा देशभर में बहस का विषय रहा है और यदि समय रहते इसे नहीं रोका गया, तो यह लोकतंत्र की नींव को कमजोर कर सकता है।'

#### हाईकोर्ट का आदेश किया रद्द

*सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को तेलंगाना हाईकोर्ट की खंडपीठ के आदेश को रद्द किया और निर्देश दिया कि कथित तौर पर सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होने वाले 10 बीआरएस विधायकों के खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही 'यथाशीघ्र और तीन महीने के भीतर' तय की जाए। बीआरएस नेता केटी रामाराव, पाडी कौशिक रेड्डी और केपी विवेकानंद ने ये याचिकाएं दायर की थीं, जिनमें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।*

## पानी की सड़क...



गुरुग्राम। हरियाणा के गुरुग्राम में गुरुवार को भारी बारिश के बाद जलभराव वाले इलाके से गुजरते लोग। यहां बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। सड़कों पर इतना पानी भरा है कि देखने पर ये सड़क की बजाय नहर मालूम पड़ रही हैं।

### बैंकॉक-दुबई से लेकर आई 40 करोड़ का गांजा

**हैदराबाद।** राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैदराबाद पर नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला यात्री को पकड़ा है। उसके सामान से 400 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक गांजा बरामद किया गया है। इस मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 40 करोड़ रुपये आंकी गई है। एजेंसी के अनुसार, एनसीबी की ओर से इस संबंध में एक विज्ञप्ति जारी कई गई, जिसमें कहा गया कि यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई. महिला के दो चेक-इन बैग्स की जब जांच की गई तो उनमें भारी मात्रा में गांजा मिला।




## कार्यालय नगर पंचायत बरेला, जिला- मुंगेली (छ.ग.)
**Email ID- barelacmo@gmail.com**

क्र./ 120/न .प .ब /राज./2025-26 — बरेला दिनांक 30/07/2005

वर्ष 2025-26 के लिए संपत्तिकर के निर्धारण के लिए नगर पंचायत के द्वारा तैयार प्रस्ताव

4. शुद्ध वार्षिक मांडा मूल्य पर देय संपत्तिकर की दरें

| | | |
|---|---|---|
| 7 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 4800 .00 तक | संपत्तिकर से मुक्त |
| 8 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 4801.00 से 16000 .00 तक | वार्षिक भाडा मूल्य का 6 प्रतिशत |
| 9 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 16001.00 से 32000 .00 तक | वार्षिक भाडा मूल्य का 7 प्रतिशत |
| 10 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 32001.00 से 48000 .00 तक | वार्षिक भाडा मूल्य का 8 प्रतिशत |
| 11 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 48001.00 से 60000 .00 तक | वार्षिक भाडा मूल्य का 9 प्रतिशत |
| 12 वार्षिक भाडा मूल्य | रु 60000 .00 से अधिक | वार्षिक भाडा मूल्य का 10 प्रतिशत |

5. अन्य करो की दरे (1) स्वच्छता, प्रकाश तथा अग्निशमन सेवाओं के लिए देय अनिवार्य समेकित कर
1. संपत्तिकरदाताओं के लिये : रुपये 600 .00 वार्षिक
2. गैर संपत्तिकरदाताओं के लिये : रुपये 300 .00 वार्षिक
(2) संपत्तिकरदाताओं द्वारा देय जलकर (निजी नल कनेक्शन का देय जलकर के अतिरिक्त) : संपत्तिकर का 5%
(3) शिक्षा उपकर : शुद्ध वार्षिक भाडा मूल्य का 1%

**6. परिक्षेत्रवार वार्षिक भाडा मूल्य की दरे**

(रुपया प्रति मीटर में)

| परिक्षेत्र क्र. | पक्का मकान | | आंशिक पक्का मकान | | कच्चा भवन | | खुली भूमि | | मुख्य सड़क या बाजार में स्थित भूमि/ भवन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवासीय | व्यावसायिक | आवासीय | व्यावसायिक | आवासीय | व्यावसायिक | आवासीय | व्यावसायिक | आवासीय | व्यावसायिक |
| 1 | 100 | 115 | 70 | 62 | 40 | 45 | 10 | 15 | सामान्य दर से 25% अधिक | सामान्य दर से 50% अधिक |
| 2 | 110 | 120 | 60 | 68 | 35 | 50 | 12 | 22 | | |
| 3 | 125 | 130 | 80 | 85 | 55 | 53 | 18 | 25 | | |
| 4 | 135 | 140 | 95 | 105 | 64 | 64 | 20 | 32 | | |

नोट :- (1) नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत यदि पूर्व से स्थापित औद्योगिक क्षेत्र के अतरिक्त मास्टर प्लान में कहीं और भी भूमि औद्योगिक परियोजना के लिए दर्ज है और उनमे वास्तविक रूप से उद्योग स्थापित है और चालू है तो ऐसी औद्योगिक इकाइयों के वार्षिक भाडा मूल्य की गणना औद्योगिक क्षेत्र की दरों अनुसार की जायगी | जिसका दर सामान्य दर से 50% अधिक होगा।(2) औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित इकाइयों द्वारा भूमि के किसी भाग का शॉपिंग काम्प्लेक्स शोरूम, दुकान होटल या अन्य व्यासायिक प्रयोजना के लिए किए जाने की दशा में उन पर जाने क्र. (04) की व्यवसायिक दर लागू होगी।(3) शासकीय कार्यालय या शासन से मान्यताप्राप्त गैर - शासकीय शिक्षण संस्थाए जो किराये के भवनों में चल रहे हो के लिये आवासीय दर लागू होगी।(4) CSEB के खंभों से प्रति खंभा रु05 संपत्तिकर लिया जावेगा। (5) किसी भी जोन में स्थापित बड़े 2 काम्प्लेक्स दुकाने शो रूम होटल, लॉज व्यापारिक प्रतिष्टान आदि पर जोन क्र.(4) की व्यवसायिक दरे लागू होगें। (6) संपत्तिकर लागू होने से अवैध निर्माण वैध नहीं होगा और ना ही मालिकाना हक़ प्रमाणित होगा। भवन निर्माण हेतु नगर पंचायत कार्यालय से विधिवत निर्माण के पूर्व अनुमति ले जाना अनिवार्य होगा। रख - रखाव के लिए छूट : वार्षिक भाडा मूल्य का 10 प्रतिशत
(1) संपत्तिकर का भुगतान करने के लिए नियत तारीख : 30 सितम्बर 2025
(2) निर्धारित तारीख तक भुगतान न करने तथा स्वविवरणी प्रस्तुत नहीं करने पर देय (सरचार्ज)

| माह | अधिभार (देय संपत्तिकर का प्रतिशत) |
|---|---|
| अक्टूबर से दिसम्बर 2025 तक | 5% |
| जनवरी 2026 से मार्च 2026 तक | 10% |
| अप्रेल 2026 से आगामी | 15% |

विभिन्न परिक्षेत्रों में शामिल वार्ड या उनके भाग तथा प्रत्येक परिक्षेत्र के अंतर्गत मुख्य मार्ग एवं बाजार

| परिक्षेत्र (रेज जोन) क्रमांक | सम्मिलित वार्ड या उसका विशिष्ट भाग (मोहल्ला, कॉलोनी) | मुख्य सड़के एवं बाजार का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड 01, 02, 03 | मुख्य मार्ग से 20 मीटर अंदर तक जोन क्रमांक 03 और 04 की दरे प्रभाव शील होगी। |
| 2 | वार्ड 04, 05,12 | |
| 3 | वार्ड 08,10,11 | सेमरचुवा मोह |
| 4 | वार्ड 06,07,09,13, 14, 15 | मुंगेली रोड मुख्य मार्ग |

(7) ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए कर
(1) वैवाहिक भवनों से : रु 1000 .00 प्रति ट्रेक्टर — (3) प्रत्येक व्यवसायिक भवन से : रु 200 .00 वार्षिक
(4) होटल / लॉज से : रु 500 .00 वार्षिक — (2) प्रत्येक आवासीय भवन से : रु 100 .00 वार्षिक

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत बरेला, जिला मुंगेली (छ.ग.)**


### कर्नाटक की महिला का है सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप

# भारत में मिला दुनिया का नया और अनोखा ब्लड ग्रुप

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरू

कर्नाटक के कोलार जिले की एक 38 वर्षीय महिला में दुनिया का पहला अनोखा सीआरआईबी एंटीजेन ब्लड ग्रुप पाया गया है। यह ब्लड ग्रुप अब तक दुनिया में कहीं भी नहीं देखा गया था। दरअसल, कार्डियक अरेस्ट को बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर डॉक्टरों ने उसका ब्लड ग्रुप चेक करने के लिए सैंपल लैब भेजा। लैब असिस्टेंट की जांच में जो रिपोर्ट सामने आई उसने सभी को हैरान कर दिया।

**बताया गया था ओआरएच ब्लड ग्रुप :** हार्ट की सर्जरी के लिए भर्ती कराई गई महिला का ब्लड ग्रुप ओआरएच+ था, जो कि आम है। लेकिन कोई भी ओ पॉजिटिव ब्लड यूनिट उसके ब्लड से मैच नहीं हुआ।

### परिवार के 20 लोगों से भी सैंपल मैच नहीं, आधुनिक जांच में पता चला



इसके बाद गहन जांच के लिए ब्लड सैंपल को रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंटर भेजा गया। बंगलूरू में आधुनिक तरीके से ब्लड की जांच की गई लेकिन महिला का ब्लड सभी टेस्ट सैंपल्स के साथ मेल नहीं खा रहा था। परिवार के करीब 20 लोगों के सैंपल भी लिए गए, लेकिन किसी का ब्लड महिला के ब्लड सैंपल से मैच नहीं हुआ।

**10 महीने की लंबी रिसर्च :** रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंट के डॉ. अंकित माथुर ने बताया कि महिला का ऑपरेशन बिना ब्लड के ट्रांसफर के सफलतापूर्वक हो गया है। महिला और उसके परिवार के ब्लड सैंपल को ब्लड ग्रुप रेफरेंस लेबोरेट्री ब्रिटेन भेजा गया। 10 महीने की रिसर्च के बाद एक नया ब्लड ग्रुप एंटीजन मिला, जिसे सीआरआईबी नाम दिया गया। यह रिसर्च जून 2025 में इटली में हुई आईएसबीटी की एक मीटिंग में बताई गई।

#### कैसे रखा सीआरआईबी नाम?

सीआरआईबी नाम में सीआर का मतलब 'क्रोमर' और आईबी का मतलब 'इंडिया', बंगलूरू' है। डॉ. माथुर ने यह भी कहा कि रोटरी बंगलूरू टीटीके ब्लड सेंटर ने दुर्लभ ब्लड डोनर रजिस्ट्री शुरू की है। वे पहले भी कई दुर्लभ ब्लड टाइप के मरीजों की मदद कर चुके हैं।

#### क्या होता है ऑटोलॉगस ट्रांसफ्यूजन?

इसी के साथ डॉक्टरों का कहना है कि अगर महिला को कभी खून चढ़ाने की जरूरत पड़ी तो उन्हें किसी दूसरे का खून नहीं चढ़ाया जाएगा। ऐसे में महिला को अपना ही खून पहले से स्टोर करके इमरजेंसी के लिए रखना पड़ेगा। महिला को अपना अपना हीमोग्लोबिन लेवल ब्लड को स्टोर करना पड़ेगा और इस प्रोसेस को ही ऑटोलॉगस ट्रांसफ्यूजन कहते हैं।

बिलासपुर

शुक्रवार, 1 अगस्त 2025

श्रावण शुक्ल पक्ष अष्टमी

वर्ष : 25, अंक : 131

पृष्ठ : 10+6 = 16 मूल्य : 5 .00***

मौसम

अधि. 28.6

न्यून. 24.5


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


■ अमेरिका के भारतीय रिटेल स्टोर में प्रतिवर्ष पहुंच रही सैकड़ों की संख्या में प्रतिमाएं



### भारतीय रिटेल स्टोर में उपलब्ध

अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार 2023 अंत तक अमेरिका में निवासरत भारतीयों की संख्या 52 लाख थी। चूंकि अमेरिका में बड़ी संख्या में भारतीय निवासरत हैं, इसलिए वहां कई इंडियन रिटेल स्टोर भी खुले हुए हैं। इनमें पटेल मार्केट, अपना बाजार जैसे कई ब्रांच और उनके चैन शामिल हैं। इन इंडियल रिटेल स्टोर्स में भारत से अमेरिका पहुंचने वाली गणेश प्रतिमाओं को रखा जाता है। भारत की तरह अमेरिका में पृथक रूप से बाजार सजा पाना संभव नहीं होता है, ऐसे में रिटेल स्टोर के भीतर ही विशेष सज्जा के साथ मूर्तियां प्रदर्शित की जाती हैं।

### भव्य प्रतिमाएं केवल 2-3 स्थानों पर

छत्तीसगढ़ से अमेरिका जा बसे भारतीयों के समूह नाचा अर्थात नार्थ अमेरिका छग एसोसिएशन के गणेश कर ने हरिभूमि से विशेष बातचीत में कहा, अमेरिका में प्रतिमा विसर्जन के लिए पृथक रूप से कुंड अथवा इस तरह की अन्य व्यवस्थाएं शासन की ओर से नहीं की जाती है, ऐसे में शेष पेज 6 पर

*लालबागचा राजा की तर्ज पर होती है 'वॉशिंगटनचा' राजा की स्थापना*

# अमेरिका में भी रहेगी गणेशोत्सव की धूम, इस बार भी गुजरात से जा रही 'वॉशिंगटनचा राजा' की प्रतिमा

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सावन मास के बाद भक्तजनों को जिस उत्सव का सर्वाधिक इंतजार होता है, वह गणेशोत्सव है। भारत में भले ही श्रावण मास के बाद गणेशोत्सव की तैयारियां जोर पकड़ती हैं, लेकिन अमेरिका में श्रावण मास से ही इसकी तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती हैं। महाराष्ट्र के प्रसिद्ध गणेश पंडाल लालबागचा राजा की तर्ज पर अमेरिका में वॉशिंगटनचा राजा की स्थापना की जाती है। कई वर्षों से सिलसिला जारी है। दरअसल, अमेरिका में गणेश स्थापना के लिए प्रतिमाएं भारत से आयात होती हैं। इसलिए माहभर पूर्व ही प्रतिमाओं की बुकिंग सहित अन्य प्रक्रिया शुरू हो जाती है, ताकि ऐन वक्त पर भक्तों को निराशा ना हो या उन्हें परेशानी का सामना ना करना पड़े। भारत से अधिकतर गणेश प्रतिमाएं गुजरात से अमेरिका जाती है। गुजरात के मूर्तिकारों को कई माह पूर्व ही प्रतिमाओं के ऑर्डर अमेरिका से मिल जाते हैं। ऑर्डर के अनुसार विशेष स्वरूप में प्रतिमाएं तैयार कर प्रेषित की जाती हैं।



फाइल फोटो

## 17 महीने तक 128 शासकीय कर्मचारियों ने लिया महतारी वंदन का पैसा

# 21 लाख की होगी वसूली चार लाख रुपए की 'बोहनी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खबर का असर

केंद्र सरकार की महतारी वंदन योजना का लाभ थोक में शासकीय कर्मचारियों ने भी उठाया है, इसकी खबर हरिभूमि ने आकड़ों के साथ प्रकाशित की थी, जिसका असर अब देखने को भी मिल रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग अब इस योजना के तहत एक हजार रुपए लेने वाले कर्मचारियों से राशि वसूल करना शुरू कर दिया है। इस योजना के तहत विभिन्न विभागों में पदस्थ कई महिला कर्मचारी, कई पुरूषों की पत्नी एवं बेटियां भी शामिल हैं। इसके अलावा रिटायर हो चुके कई पेंशनधारी भी हैं जो इस योजना का लाभ ले रहे थे। बताया गया है कि ये सभी शासकीय कर्मचारियों के बैंक खातों में एक वर्ष पांच महीनों तक लगातार योजना के तहत एक हजार रुपए ट्रांसफर हुआ है। विभाग ने अब इन सभी कर्मचारियों की सूची बनाई है, जिसके आधार पर योजना की राशि वापस उनसे वसूल की जा रही है। इनसे 21 लाख की वसूली होगी, बोहनी चार लाख रुपए से हो चुकी है।

■ रिटायर हो चुके पेंशनधारी भी जो इस योजना का उठा रहे लाभ

### हरिभूमि ने सबसे पहले प्रकाशित की थी खबर



महतारी वंदन योजना का शासकीय कर्मचारी थोक में उठा रहे लाभ, इनमें पत्नी-बेटी भी

### मृत हितग्राहियों के खातों में भी ट्रांसफर हो रही थी राशि, रोकी गई

योजना का लाभ लेने वाली कई हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनकी मृत्यु की जानकारी हितग्राही के परिजनों द्वारा विभाग में नहीं दी गई, जिसके कारण योजना की राशि मृत हितग्राही के खाते में हर महीने ट्रांसफर होती रही। भौतिक सत्यापन में इसकी जानकारी मिलने पर विभाग ने इनकी राशि पर भी रोक दी है। रायपुर जिले में ऐसी हितग्राहियों की संख्या लगभग दो हजार थी।

### 128 में 42 महिला कर्मचारी

आकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में महतारी वंदन योजना के तहत 128 कर्मचारियों ने 17 महीनों तक इस योजना का लाभ उठाया है। इन कर्मचारियों में 42 शासकीय महिला कर्मचारी हैं जो विभिन्न विभागों में पदस्थ हैं। इन महिलाओं ने योजना का लाभ लेने आवेदन फार्म में गलत जानकारी भरी थी। इसके अलावा 78 महिलाएं ऐसी हैं जिनके पति शासकीय सेवा में पदस्थ हैं, वहीं 6 कर्मचारी अपनी 6 बेटियों को योजना का लाभ दिला रहे थे। 2 पेंशनधारी महिलाएं भी हैं जो इसका लाभ ले रही थीं। इस तरह 128 कर्मचारी लगभग 17 महीनों तक इस योजना का लाभ लिए है।

**राज्य में यह आकड़ा कई गुना ज्यादा :** गलत जानकारी देकर इस योजना का लाभ उठाने वाले शासकीय कर्मचारियों का यह आंकड़ा राज्य में जिले की तुलना में कई गुना ज्यादा है। सूत्रों के अनुसार हरिभूमि की खबर के बाद प्रदेशभर में इस योजना का लाभ लेने वाली शासकीय कर्मचारियों की सूची बनाई गई है, जिसके आधार पर उनसे जिला स्तर पर योजना की राशि वसूल की जा रही है।

**बिना जांच-पड़ताल के दे दी गई स्वीकृति :** इस योजना के तहत पात्र हितग्राही के चयन के लिए नियम बनाए गए हैं। इन नियमों के तहत ही पात्र हितग्राहियों के आवेदनों को स्वीकृति देकर उन्हें योजना का लाभ दिया जाना था, लेकिन विभाग की बड़ी चूक के कारण शासकीय कर्मचारियों और उनके परिवार की महिला सदस्यों को भी इस योजना में शामिल कर उन्हें कई महीनों तक लाभ दिया गया है।

## भारत समेत कई देशों में आज से लागू होगा नया टैरिफ

# ट्रंप के टैरिफ बम पर सियासी बवाल सरकार ने कहा-उठाएंगे जरूरी कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुक्रवार 1 अगस्त से द्विपक्षीय व्यापार पर लागू होने वाली 25 फीसदी टैरिफ और रूस से जारी कच्चे तेल, हथियारों की खरीद पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने की घोषणा के बाद देश में सड़क से लेकर संसद तक बवाल मचा हुआ है। ट्रंप का भ्रमित करने वाला वाकयुद्ध भी जारी है। जिसमें अब वो एक तरफ कह रहे हैं कि 'उन्हें भारत-रूस के बीच रिश्ते से कोई फर्क नहीं पड़ता है।

दोनों चाहें तो अपनी मृत अर्थव्यवस्थाओं को लेकर एक साथ डूब सकते हैं। जबकि दूसरी तरफ उन्होंने भारत से बातचीत करने की बात कहते हुए कहा कि देखते हैं क्या होता है'? इन सबके बीच केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को मामले पर भारत का रुख साफ किया। उन्होंने लोकसभा में बयान देते हुए कहा कि 'भारत अपने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए तमाम जरूरी कदम उठाएगा'। सरकार हालिया घटनाक्रम से होने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय निर्यातकों और उद्योग सहित सभी हितधारकों से बातचीत कर इस विषय पर उनके विश्लेषण की जानकारी एकत्रित शेष पेज 6 पर

*ट्रंप के टैरिफ बम से सियासी बवाल थम नहीं रहा है। गुरुवार को इस मुद्दे पर लोकसभा में भारी हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। लोकसभा में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने भारत का रुख साफ किया। इधर, टैरिफ बम का बाजार पर भी असर हुआ है। सुबह सेंसेक्स में तगड़ी गिरावट देखी गई, हालांकि बाद में बाजार थोड़ा संभला नजर आया।*



### शेयर बाजार में गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में दो दिन से जारी तेजी पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 296 अंक लुढ़क गया। वहीं, एनएसई निफ्टी में 87 अंक की गिरावट आई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत से आयातित वस्तुओं पर और रूस से कच्चे तेल एवं सैन्य उपकरण खरीदने को लेकर 'जुर्माना' लगाने की घोषणा के बाद शेयर बाजार में गिरावट रही।

### द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा जारी


केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और अमेरिका ने मौजूदा वर्ष के मध्य में मार्च महीने में एक न्यायपूर्ण, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए बातचीत शुरू की थी। दोनों के बीच नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी में कुल चार दौर की प्रत्यक्ष बैठकें हुई हैं ताकि संदर्भ शर्तों के आधार पर समझौते को अंतिम रूप देने के लिए काम किया जा सके।

**इधर, अमेरिकी वित्त मंत्री बोले- व्यापार वार्ता में भारत के रवैए ट्रंप की टीम निराश:** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के साथ जारी व्यापार वार्ताओं को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और समूची व्यापार वार्ता टीम 'निराश' हुई है।

### कांग्रेस ने सरकार पर बोला तीखा हमला

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने संसद में अमेरिका के साथ व्यापार समझौता विफल होने, अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) और मोदी सरकार की नीति विफलताओं पर तीखा हमला बोला। उन्होंने वाणिज्य मंत्री द्वारा संसद में दिए गए बयान को गैर जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि मंत्री ने केवल आत्मप्रशंसा की और वास्तविक मुद्दों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया।

### 'डेड इकॉनोमी' का समर्थन राहुल को पड़ा उलटा



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत की अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनोमी' कहने वाली टिप्पणी का समर्थन करना उलटा पड़ गया। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने न केवल राहुल के बयान से किनारा किया बल्कि सफाई में कई वरिष्ठ नेता आगे आए। उनका मतलब ये नहीं, वो नहीं था..सफाई का कोई मतलब नहीं था। तीर निकल चुका था जिसे भाजपा ने लपक लिया। राजनीतिक विवाद का विषय बन गया है। भाजपा ने इसे तुरंत "राष्ट्रविरोधी मानसिकता" करार दिया। राहुल गांधी पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बदनाम करने का आरोप लगाया। अमेरिकी राष्ट्रपित डोनाल्ड ट्रंप ने शेष पेज 6 पर

## गावस्कर से आगे निकले गिल तोड़ा 47 साल पुराना रिकॉर्ड





**लंदन।** भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ ओवल टेस्ट मैच की पहली पारी में पहले दिन लंच तक 15 रन की पारी के दौरान इतिहास रचने का काम किया। गिल न सिर्फ एक टेस्ट सीरीज में बतौर सबसे शेष पेज 6 पर

### नंबर वन पर शुभमन

गिल अब एक टेस्ट सीरीज में बतौर कप्तान भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर आ गए हैं। सुनील गावस्कर इस लिस्ट में अब दूसरे नंबर पर खिसक गए जबकि इस लिस्ट में तीसरे और चौथे नंबर पर विराट कोहली मौजूद हैं।

## सिख गुरु का गौरवगान...



**रायपुर।** गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत वर्ष पर देशभर में आयोजन हो रहे हैं। इसी के तहत सिख गुरु हरगोविंद सिंग साहेब की 450 साल पुरानी 13 पवित्र निशानियां कृपाण, कटार, ढाल, ग्रंथों का पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। तेलीबांधा स्थित बाबा बुड्ढा सिंग गुरुद्वारे में प्रदर्शनी एवं संगत में समाजजनों को पवित्र निशानियों का गौरवगान सुनाया गया।

करंट लगाकर पति की हत्या

## दूसरी महिला के पास जाने से रोकने के लिए बांधे हाथ-पैर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर/अंबिकापुर


पति को करंट लगाकर मौत के घाट उतारने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अस्पताल में भर्ती आरोपी महिला को पुलिस ने डिस्चार्ज कर दिया जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। बड़ी बात यह है कि विवाद के दौरान मृतक ने खुद ही गुस्से में अपने हाथ पैर बांधकर घर में बंद करने की सलाह पत्नी को दी थी जिसके बाद महिला ने पति को बांधकर शेष पेज 6 पर

### पति ने स्वयं हाथ-पैर बांधने के लिए दिए

विवाद के दौरान पार्वती गुप्ता ने मनोज से कहा कि अब वह उसे दूसरी महिला के पास नहीं जाने देगी और हाथ पैर बांधकर अपने पास रखेगी। इस दौरान मनोज ने भी स्वयं अपने हाथ पैर बांधने के लिए दे दिया। पति के हाथ पैर बांधने के बाद महिला ने घर में शेष पेज 6 पर

केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में छह बड़े ऐलान

## छह राज्यों में चार रेलवे लाइन के लिए 11 हजार करोड़ मंजूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में गुरुवार को देश के विकास से जुड़े छह अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सहकारी समितियों के लिए बड़ी फंडिंग से लेकर कृषि, खाद्य प्रसंस्करण और रेलवे नेटवर्क के विस्तार तक कई बड़े फैसले शामिल हैं। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने रेल मंत्रालय की लगभग 11,169 करोड़ रुपए की चार परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है।

सरकार ने इन परियोजनाओं के जरिये रेल नेटवर्क के विस्तार के बारे में बात करते हुए कहा कि महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा और झारखंड के 13 जिलों को कवर करने वाली ये चार परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को लगभग 574 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी। विज्ञप्ति के मुताबिक, नई परियोजनाओं में इटारसी और नागपुर के बीच चौथी लाइन का निर्माण, शेष पेज 6 पर

### रेलवे में 4 मल्टीट्रैकिंग परियोजनाएं

- इटारसी-नागपुर (चौथी लाइन)
- औरंगाबाद-परभणी (दोहरीकरण)
- अलुआबाड़ी रोड-न्यू जलपाईगुड़ी (तीसरी और चौथी लाइन)
- डांगोपोसी-जारोली (तीसरी और चौथी लाइन)

### इन योजनाओं पर भी लगी मुहर

- राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम के लिए 2,000 करोड़ रुपए की अनुदान सहायता
- पीएम किसान संपदा योजना के लिए 6,520 करोड़ रुपए की मंजूरी
- पीएम -गति शक्ति मास्टर प्लान के तहत संपर्क और लॉजिस्टिक में सुधार
- महिला और श्रमिक-नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को मिलेगा बढ़ावा
- 100 फूड टेस्टिंग लैब्स से देश में सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त खाद्य आपूर्ति सुनिश्चित होगी


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### मां और बेटी ने एक साथ पास की नीट की परीक्षा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 49 वर्षीय एक फिजियोथेरेपिस्ट महिला और उसकी बेटी ने मजबूत इरादों से अपने सपनों को पूरा करने की एक अद्भुत मिसाल कायम की है। दोनों ने अपनी लगन और मेहनत से राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पास कर ली। नीट की परीक्षा पास करने के बाद महिला को अपने गृह जिले के नज़दीकी सरकारी मेडिकल कॉलेज में सीट मिल गई।

## भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जताया अनुमान

# अगस्त-सितंबर में आसमान से जमकर बरसेगा पानी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

भारत में मानसून ऋतु के दूसरे चरण अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने एक ऑनलाइन प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के आसपास के इलाकों को छोड़कर देश के ज्यादातर हिस्सों में अगस्त में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उन्होंने बताया कि सितंबर में बारिश सामान्य से अधिक होने का अनुमान है।

देश में मानसून के पहले चरण यानी जून और जुलाई में सामान्य से अधिक वर्षा हुई तथा विशेषकर हिमाचल प्रदेश समेत कुछ राज्यों में अचानक बाढ़ आई।

### कृषि की रीढ़ है मानसून

भारत में मानसून कृषि क्षेत्र की रीढ़ है, जो लगभग 42 प्रतिशत आबादी की आजीविका का आधार है। देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 18.2 प्रतिशत का योगदान करता है। इसके अलावा, यह पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए जलाशयों को भरने में भी अहम भूमिका निभाता है।



**पूर्वोत्तर में सामान्य से कम वर्षा :** महापात्र ने कहा, पूर्वोत्तर भारत में लगातार पांचवें साल सामान्य से कम वर्षा हुई है। पिछले 30 वर्षों में इन राज्यों में वर्षा की गतिविधियों में गिरावट दर्ज की गई है। मई में आईएमडी ने अनुमान जताया था कि जून से सितंबर के दौरान भारत में दीर्घकालिक औसत 87 सेंटीमीटर वर्षा के 106 प्रतिशत के बराबर वर्षा हो सकती है। यह औसत पिछले 50 वर्षों पर आधारित है। 96 से 104 प्रतिशत के बीच की बारिश को सामान्य माना जाता है।

### इधर, 19 राज्यों में बारिश का अलर्ट

भारत के कई राज्यों में मूसलधार बारिश से हालात बिगड़ गए हैं। मौसम विभाग ने राजस्थान, असम और मेघालय में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में तेज़ बारिश और जलभराव की संभावना है। बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, गुजरात सहित 19 राज्यों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। कई इलाकों में आंधी और बिजली गिरने की भी आशंका है। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई हिमाचल प्रदेश में शिमला के आसपास मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। सुबह बादल छाए रहेंगे, लेकिन दोपहर से बारिश शुरू होने की संभावना है जो शाम तक जारी रह सकती है। बारिश के चलते मौसम नमी भरा और थोड़ा ठंडा महसूस हो सकता है। शाम के समय बादल छंटने की उम्मीद है।

चिंतन

# यूएस से तेज जीडीपी भारत का हमारी अर्थव्यवस्था बेहद मजबूत

गिद्ध के चाहने से कौवे की मौत नहीं होती है। करीब 200 वर्ष तक दमनकारी-शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमतों के बावजूद भारत सीना तानकर खड़ा है और दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यस्था है। जर्मनी को पछाड़कर चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत बहुत जल्द विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसलिए डोनाल्ड ट्रंप के भारत को डेड इकोनॉमी कह देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। अमेरिका खुद विश्व का सबसे बड़ा कर्जदार देश है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप शायद भूल रहे हैं कि अमेरिकी बॉण्ड से अगर चीन, जापान व भारत अपना पैसा निकाल लें तो अमेरिकी अर्थव्यवस्था का बुलबुला तुरंत फट जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का बयान जहां हकीकत से परे है, वहीं यह ट्रेड वार्ता को अंतिम रूप देने से पहले नई दिल्ली पर दबाव की टैक्टिस है। ट्रंप ने इसी तरह की टैक्टिस यूरोपीय संघ, जापान व अन्य देशों के साथ अपनाई थी। भारत कभी भी अमेरिकी दबाव व टैक्टिस के आगे नहीं झुकेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत घरेलू खपत है, वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.4 प्रतिशत ही है। भारत की अर्थव्यवस्था की बुनियाद बहुत मजबूत है। इसलिए जब 2008 जैसी मंदी आती है तो अमेरिकन बैंकिंग सिस्टम धराशायी हो जाता है, लेकिन भारतीय अर्थव्यवस्था पर फर्क नहीं पड़ता है। भारत के वित्तीय और बैंकिंग सिस्टम बेहद मजबूत व रेगुलेटेड हैं, भारत का रिजर्व भंडार नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक है, भारत दुनिया के शीर्ष 10 स्वर्ण भंडार वाले देशों में शामिल है और 7वें स्थान पर है। भारत में जीवनयापन विश्व में सबसे सुलभ है। भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती की बयां वैश्विक व अमेरिकी वित्तीय संस्थाएं ही कर रही हैं। ट्रंप के घृणित बयान के पहले अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 व वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। विश्व बैंक ने अप्रैल में 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि दर का अनुमान 6.3 फीसदी लगाया है, व कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। एशियाई विकास बैंक ने अभी 23 जुलाई को ही अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी 2025 में 6.5 फीसदी और 2026 में 6.7 फीसदी की दर से बढ़ेगी। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में जीडीपीदर 6.3 फीसदी व 2026 में 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। एसएंडपी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। फिच रेटिंग्स ने इस साल 22 मई को 2028 तक के लिए भारत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया था। परामर्श कंपनी ईवाई इंडिया कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था का केंद्र 'ग्लोबल साउथ' की ओर स्थानांतरित हो रहा है और जिसके लिए भारत ने खुद को अग्रणी भूमिका में रखा है। पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। सभी वित्तीय आंकड़े भारत के पक्ष में हैं। ट्रंप का बयान पूर्व की तरह एक और झूठ है।



मालेगांव बम धमाका

अरविंद जयतिलक

# भगवा आतंकवाद का गढ़ा गुब्बारा फूटा

2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गयी है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

सत्रह साल बाद 2008 के मालेगांव बम धमाके मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की विशेष अदालत ने सभी सात आरोपियों को बरी कर दिया है। अदालत ने सभी आरोपियों को निर्दोष करार देते हुए कहा है कि अभियोजन पक्ष साबित नहीं कर पाया कि ब्लास्ट स्थल पर मिली बाइक में आरडीएक्स लगाया गया था। उल्लेखनीय है कि इस मामले में सात लोग आरोपी बनाए गए थे, जिनमें लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित, पूर्व भाजपा सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर और रिटायर्ड मेजर रमेश उपाध्याय शामिल थे। इन सभी लोगों पर मालेगांव बम धमाके में शामिल होने के तौर पर आरोप लगाए गए थे।

साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी आरोपियों को बरी किए जाने से हिंदू आतंकवाद पर काली सियासत करने वाले तथाकथित सेक्युलर दलों की बेचैनी बढ़ गयी है। उनका मुंह काला हुआ है। उनके भगवा आतंकवाद के जुमले की हवा निकल गई है। उनकी बेचैनी इस कदर बढ़ गई है कि वे अब एनआइए अदालत के फैसले पर परोक्ष रूप से सवाल खड़ा कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति ठीक नहीं है। अब जब हिंदू आतंकवाद का गढ़ा-बुना गया गुब्बारा फट गया है और यह सच भी दुनिया के सामने उजागर हो गया है कि यूपीए सरकार के इशारे पर ही प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं अन्य लोगों को फंसाने की साजिश रची गयी तो अब साजिश रचने वाले किंकर्तव्यविमूढ़ हैं और किस्म-किस्म के कुतर्कों का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस समेत उन सभी तथाकथित सेक्युलर दलों की पोल खुल गयी है जो कभी चीख-चीखकर हिंदू संगठनों को आतंकवाद का कारखाना बताने से हिचकते नहीं थे। उचित होगा कि अब वे देश से क्षमा मांगकर पश्चाताप करें कि हिंदू संस्कृति और संगठनों को बदनाम क्यों किया। लेकिन ऐसा करने के बजाए वे अब भी कुतर्कों के आसन पर जमे हैं। याद होगा कि ज्यों ही साध्वी प्रज्ञा की गिरफ्तारी हुई, कांग्रेस एवं तथाकथित सेक्युलर दलों ने यह प्रचारित करना शुरू कर दिया था कि देश के लिए भगवा आतंकवाद खतरा बन रहा है।

ध्यान देना होगा कि जिस समय भगवा आतंकवाद की थ्योरी गढ़ी-बुनी गयी, उस समय कांग्रेसनीत सरकार के गृहमंत्री शिवराज पाटिल थे। उनके बाद गृहमंत्री बने सुशील कुमार शिंदे ने भगवा आतंकवाद को खूब हवा दी। उन्होंने एक कथित जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी पर आतंकवादी ट्रेनिंग कैंप चलाने का आरोप है। तब शिंदे के इस वक्तव्य को लेकर देशभर में आलोचना और निंदा हुई। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण बात यह कि सुशील कुमार शिंदे के वक्तव्य को सही ठहराने के लिए कांग्रेस सरकार ने तब मक्का मस्जिद विस्फोट मामले में असली गुनाहगारों को छोड़कर हिंदू संगठनों के सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। कुतर्क गढ़ा कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे दल अपने सदस्यों को हथियार चलाने का प्रशिक्षण देते हैं। हद तो तब हो गयी जब उनके बाद पी.चिदंबरम गृहमंत्री बने तो वे भी यह कहते सुने गए कि भगवा आतंकवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिहाज से बेहद खतरनाक है। भगवा आतंकवाद देश के लिए नई घटना है। गौर कीजिए कि बी रमण जो तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार के मंत्रिमंडलीय




सचिवालय के अपर सचिव रहे, उनकी मानें तो भगवा आतंकवाद की शुरुआत तत्कालीन सरकार की पाकिस्तान और भारतीय मुसलमान समुदाय जो आतंकवाद में लिप्त हैं, के प्रति कथित नरम नीति के कारण हुई। अब जब अदालत ने इस मामले में सभी आरोपियों को बरी कर दिया है, के बाद सवाल उठना लाजिमी है कि फिर मालेगांव विस्फोट मामले का असली गुनाहगार कौन है? कहीं ऐसा तो नहीं कि हिंदू संगठनों को बदनाम करने की साजिश में संलिप्त तत्कालीन कांग्रेसनीत सरकार ने असली गुनाहगारों को छोड़ दिया? गौर करें तो भगवा आतंकवाद को सही ठहराने के लिए उस दौरान जितने भी विस्फोट हुए, सभी में हिंदू संगठनों के सदस्यों को ही आरोपी बनाया गया। 2007 के समझौता एक्सप्रेस धमाके में भारतीय सेना के अफसर रहे श्रीकांत पुरोहित को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह अजमेर दरगाह धमाके में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को घेरने की कोशिश की गयी। मालेगांव विस्फोट मामले पर गौर करें तो 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के मालेगांव में रमजान के दौरान एक मस्जिद के बाहर मोटरसाइकिल में बम धमाका हुआ था जिसमें सात लोगों की मौत हुई थी। सैकड़ों लोग घायल हुए थे। इन धमाकों की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस और मुंबई एटीएस ने साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर को धमाकों का मास्टरमाइंड माना और 23 अक्टूबर 2008 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस बम धमाके की शुरुआती जांच मुंबई एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे ने की जो अब दुनिया में नहीं हैं। वे 26/11 आतंकी हमले में शहीद हो गए। एक दशक तक चले मुकदमें के दौरान अभियोजन पक्ष ने 323 गवाहों से पूछताछ की जिनमें से 34 अपने बयान से पलट गए। उस दरम्यान कांग्रेस महासचिव दिग्विजय सिंह समेत कई नेताओं ने खूब कुप्रचारित किया कि इस बम धमाके के पीछे हिंदू संगठनों का हाथ है। यहां तक कि शहीद हुए हेमंत करकरे की हत्या के पीछे भी हिंदू संगठनों के हाथ होने का दावा किया गया। लेकिन 2016 में एनआइए द्वारा पूरक एवं अंतिम जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो गया। तब एनआइए ने अपर्याप्त सबूतों का हवाल देते हुए आरोपियों को क्लीनचिट दे दी। बता दें कि 2009 में मुंबई एटीएस ने इस मामले में अदालत में जो चार्जशीट दाखिल की थी उसमें प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत सभी सात आरोपियों के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाए थे। मुंबई एटीएस ने अपनी जांच में कहा था कि विस्फोटक के साथ रखी मोटरसाइकिल साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर की थी और वह मुस्लिम बहुल इलाकों में धमाके के लिए आयोजित बैठकों में शामिल होती थी। मुंबई एटीएस ने यह भी आरोप जड़ा था कि भोपाल में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर के साथ हुई एक बैठक में कर्नल पुरोहित ने विस्फोटक मुहैया कराने की बात कही थी। लेकिन अदालत ने स्पष्ट कर दिया है कि कर्नल पुरोहित के घर में आरडीएक्स भंडारण का कोई सबूत नहीं मिला है और न ही यह साबित हुआ है कि उन्होंने बम को असेंबल किया। घटनास्थल से कोई खाली खोल बरामद नहीं हुए जबकि आरोप में फायरिंग की बात कही गई थी। न तो कोई फिंगर प्रिंट और न ही डीएनए सैंपल लिया गया। यहां तक कि मोटरसाइकिल का चेसिस नंबर भी मिटा दिया गया। अदालत ने साध्वी प्रज्ञा सिंह मामले में स्पष्ट कहा है कि मोटरसाइकिल का मालिकाना हक या कब्जे को लेकर कोई ठोस सबूत भी पेश नहीं किया गया।

गौरतलब है कि इन सभी पर यह आरोप लगाए गए कि वे फरीदाबाद और भोपाल में साजिश रचने के लिए बैठक में शामिल हुए। लेकिन अदालत ने कहा है कि इसका कोई सबूत नहीं मिला है। अब सवाल यह उठता है कि फिर प्रज्ञा सिंह ठाकुर, कर्नल पुरोहित समेत सभी सात लोगों को फंसाने की साजिश किसके इशारे पर रची गयी? मालेगांव कांड का असली गुनाहगार कौन है?

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

हेल्थ रिपोर्ट

रोहित कौशिक



# स्वास्थ्य सेवाओं में अभी और सुधार की जरूरत

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के बिजनौर में मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला अस्पताल परिसर में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस विंग में डायलिसिस के दौरान बिजली गुल होने से एक मरीज की मौत हो गई। अस्पताल के जेनरेटर में डीजल भी नहीं था। आश्चर्यजनक यह है कि घटना के समय सीडीओ खुद विंग के निरीक्षण के लिए मौजूद थे। इस दुखद घटना ने एक बार फिर हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। यह सही है कि धीरे-धीरे हमारे देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है लेकिन हमारे देश की आबादी की जरूरतों के हिसाब से अभी तक भी स्वास्थ्य ढांचा बेहतर नहीं हो पाया है। जब इस दौर में भी गम्भीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए अस्पतालों में स्ट्रेचर जैसी मूलभूत सुविधाएं न मिल पाएं, तो देश की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठना लाजमी है। इस प्रगतिशील दौर में भी ऐसी अनेक खबरें प्रकाश में आई हैं कि जब अस्पताल गरीब मरीज के शव को घर पहुंचाने के लिए एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं करा पाए। धीरे-धीरे देश का स्वास्थ्य ढांचा सुधर रहा है लेकिन जिस तेजी के साथ इसे सुधरना चाहिए था, यह सुधर नहीं पाया है। कुछ समय पहले नीति आयोग ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खर्च बढ़ाने की जरूरत बताई थी। नीति आयोग ने कहा था कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और उन्हें देश के हर व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए केन्द्र और राज्यों को मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं की मद में खर्च को बढ़ाना होगा। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं में जीडीपी का मात्र डेढ़ फीसद ही खर्च होता है। दुनिया के कई देश स्वास्थ्य सेवाओं की मद में आठ से नौ फीसद तक खर्च कर रहे हैं। 1940 के बाद से संक्रामक रोगों से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या बढ़ी है। अब कई नए रोग हमारे सामने आए हैं और भविष्य में और नए रोग हमारे सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि कुछ समय पहले अमेरिका के 'सेंटर फॉर डिजीज डाइनामिक्स, इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी' (सीडीडीईपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि भारत में लगभग छह लाख डॉक्टरों और 20 लाख नर्सों की कमी है। भारत में 10,189 लोगों पर एक सरकारी डॉक्टर है, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक हजार लोगों पर एक डॉक्टर की सिफारिश की है। इसी तरह हमारे देश मे 483 लोगों पर एक नर्स है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में एंटीबायोटिक दवाइयां देने के लिए उचित तरीके से प्रशिक्षित स्टाफ की कमी है, जिससे जीवन बचाने वाली दवाइयां मरीजों को नहीं मिल पाती हैं। आने वाले समय में हृदय रोग, मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियां भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेंगी।

इस रिपोर्ट के अनुसार सन 2012 से 2030 के बीच इन बीमारियों के इलाज पर करीब 6.2 खरब डॉलर (41 लाख करोड़ रुपये से अधिक) खर्च होने का अनुमान है। रिपोर्ट में इन बीमारियों के भारत और चीन के शहरी इलाकों में तेजी से फैलने का खतरा बताया गया है। बताया गया है कि असंक्रामक रोग शहरों में रहने वाली मानव आबादी के स्वास्थ्य के लिए ही खतरा नहीं है बल्कि इसके चलते अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ता शहरीकरण और वहां पर काम और जीवनशैली की स्थितियां असंक्रामक रोगों के बढ़ने का मुख्य कारण है। सन 2014 से 2050 के बीच में भारत में 404 मिलियन (40 करोड़ चालीस लाख) आबादी शहरों का हिस्सा बनेगी। इसके चलते शहरों में अनियोजित विकास होने से स्थिति बदतर होगी। हमारे देश में व्यवस्था की नाकामी और विभिन्न वातावरणीय कारकों के कारण बीमारियों का प्रकोप ज्यादा होता है। भारत में डॉक्टरों की उपलब्धता की स्थिति वियतनाम और अल्जीरिया जैसे देशों से भी बदतर है। डॉक्टरों की कमी के कारण गरीब लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलने में देरी होती है। यह स्थिति अन्ततः पूरे देश के स्वास्थ्य को प्रभावित करती है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण पर गठित संसदीय समिति ने पिछले दिनों जारी अपनी रिपोर्ट में यह माना है कि हमारे देश में आम लोगों को समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने के अनेक कारण हैं। इसलिए स्वास्थ्य सुविधाओं को और तीव्र बनाने की जरूरत है। जनसंख्या वृद्धि के कारण बीमार लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। गौरतलब है चीन ,ब्राजील और श्रीलंका जैसे देश भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमसे ज्यादा खर्च करते हैं। पिछले दिनों योजना आयोग की एक विशेषज्ञ समिति ने भी यह सिफारिश की थी कि सार्वजनिक चिकित्सा सेवाओं के लिए आबंटन बढ़ाया जाए। चिकित्सा सेवा को दुरुस्त बनाकर ही हम आबादी को स्वस्थ रख सकेंगे।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# श्रीकृष्ण का क्रिया योग



संकलित

दर्शन

योगदा सत्संग सोसाइटी के संस्थापक और 'योगी कथामृत' के लेखक श्री श्री परमहंस योगानंद की श्रीमद्भगवद्गीता पर व्याख्या 'ईश्वर-अर्जुन संवाद' के अनुसार, कृष्ण शब्द की अनेक व्युत्पत्ति में हैं। इनमें 'श्याम' सर्वाधिक प्रचलित है, जो उनके रंग-रूप की ओर संकेत करता है। उन्हें चित्रों में प्रायः गाढ़े नीले रंग का दिखाया जाता है, जो देवत्व का प्रतीक है। नीला रंग दिव्य नेत्र में (भ्रूमध्य के बीच) दिखने वाले नीले प्रकाश का भी प्रतीक है, जो योग में चेतना की कूटस्थ चैतन्य अवस्था को दर्शाता है। मतलब कृष्ण का रंग आध्यात्मिकता का भी प्रतीक है और एक गूढ़ अर्थ की ओर संकेत करता है। योगानंद जी के अनुसार, इंद्रिय जनित लिप्स ग्रस्त संसार दिव्य प्रेम की शुद्धता को नहीं समझ पाता। शाब्दिक अर्थों से परे गोपियों संग कृष्ण लीलाओं का प्रतीकात्मक अर्थ, ब्रह्म और सृष्टि के उस रास से है, जो ईश्वरीय लीला को संसार में व्यक्त करता है। कृष्ण की वंशी की मधुर तान भक्तों को ध्यान जनित समाधि के मंडप में आने को पुकारती हैं, ताकि वह आनंददायक ईश्वरीय प्रेम का पान कर सकें। कृष्ण के जीवन का दर्शन हमें भौतिक जीवन के दायित्वों के निर्वहन और उन्हीं के बीच ईश्वर का सानिध्य पाने के प्रयासों के मध्य सामंजस्य साधना सिखाता है। कृष्ण सिखाते हैं कि परिवेश कुछ भी हो, ईश्वर को वहीं ले आओ, जहां उसने तुम्हें रखा है। कृष्ण ने अपने राजसी दायित्व निभाने हेतु दुष्ट शासकों के विरुद्ध कई अभियान किए, जिनमें कौरव-पांडवों के बीच हुए महाभारत युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# क्या भोग लगाना पाखंड है?




संकलित

प्रेरणा

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है। क्या भोग लगाना पाखंड है?

अंतर्मन




आज की पाती

## पूर्व घटनाओं से भी प्रशासन ने सबक नहीं लिया

मनसा देवी मंदिर भगदड़ में छह लोगों की मौत हो गई और 40 लोग घायल हो गए। बिजली का करंट लगने से यह घटना हुई है। हाल ही में जगन्नाथपूरी की घटना और बेंगलुरु में खेले गए मैच के दौरान इन दो घटनाओ के बाद भी प्रशासन ने सबक नही लिया। प्रशासन को हर समय सतर्क रहने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर घटनाओं का सिलसिला खत्म होता नजर नही आ रहा है। अक्सर ऐसी घटना ज्यादा भीड़भाड़ वाली जगह पर होती है, लेकिन सरकार को सुरक्षा व्यवस्था करनी चाहिए। दर्शन की होड़ और कुप्रबंधन के चलते हादसे हो जाते है। अभी दर्शन के लिए मन्दिरों में पैर रखने की जगह नही रहती है। सावन महीना अगले सप्ताह तक चलेगा। भीड़ बढ़ेगी, जबकि पुलिस प्रशासन अभी भी बन्दोबस्त से आंखे बंद किए हुए है।

*-कांतिलाल मांडोत, सूरत*

करंट अफेयर

# ट्रंप प्रशासन के प्रतिबंधों का गंभीर प्रभाव पड़ेगा : फ्रांसेस्का



संयुक्त राष्ट्र की स्वतंत्र जांचकर्ता और गाजा में इजराइल की नीतियों की मुखर आलोचक फ्रांसेस्का अल्बानीज ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने हाल ही में उन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, उनका उनके जीवन और काम पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। फ्रांसेस्का गाजी पट्टी और वेस्ट बैंक के लिए संयुक्त राष्ट्र की विशेष वार्ताकार हैं। वह जेनेवा में 47 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद की ओर से चुने गए एक विशेषज्ञ समूह की सदस्य भी हैं। फ्रांसेस्का को फलस्तीनी क्षेत्र में मानवाधिकारों के कथित हनन की जांच का जिम्मा सौंपा गया है। वह गाजा पट्टी में फलस्तीनियों के "नरसंहार" को लेकर इजराइल की मुखर आलोचक रही हैं। हालांकि, इजराइल और उसे सैन्य सहायता उपलब्ध कराने वाले अमेरिका, दोनों ने फ्रांसेस्का के आरोप का दृढ़तापूर्वक खंडन किया है। अमेरिका ने कहा कि उसके और इजराइल के खिलाफ एक तरह का "राजनीतिक और आर्थिक युद्ध अभियान" चलाया जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने फ्रांसेस्का को उनके पद से हटाने के लिए संयुक्त राष्ट्र पर दबाव डाला था, लेकिन वह इसमें नाकाम रहा, जिसके बाद उसने जुलाई की शुरुआत में उन पर प्रतिबंध लगा दिए।

ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न



पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ – और डॉक्टर – पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता। वैज्ञानिकों की बढ़ती संख्या अब यह मानती है कि पुराने पीठ दर्द के कई मामले मुख्य रूप से मस्तिष्क में परिवर्तन के कारण होते हैं। दर्द किसी चोट से उत्पन्न हो सकता है, लेकिन फिर दर्द प्रणाली वहीं 'अटक' सकती है।

ट्रेंड

## कांग्रेस का अपराध



मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना 'सत्यमेव जयते' की सजीव उद्घोषणा है। यह निर्णय कांग्रेस के सनातन विरोधी चरित्र को पुनः उजागर करता है, जिसने 'भगवा आतंकवाद' जैसा मिथ्या शब्द गढ़कर अपराध किया है।

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

## सत्य की विजय



मालेगांव ब्लास्ट केस में साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर एवं लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सभी अभियुक्त निर्दोष साबित हुए हैं। यह सत्य की विजय है, वह सत्य जो वर्षों से कांग्रेस द्वारा गढ़े गए 'हिंदू आतंकवाद' के झूठे नैरेटिव के विरुद्ध संघर्षरत था।

**-डॉ. मेधा कुलकर्णी, राज्यसभा सांसद**

## मेढ़े का निधन दुखद



राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका प्रमिल मौसी मेढ़े के निधन का समाचार दु:खद है। उन्हें मातृशक्ति को जागरूक करने व राष्ट्र निर्माण में सशक्त भूमिका निभाने के लिए सदैव स्मरण किया जाएगा।

**नायब सिंह सैनी, सीएम, हरियाणा**

## आत्मनिर्भरता



मित्र देश बताने के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा भारतीय आयात पर कल 25 प्रतिशत शुल्क तथा रूस से तेल आयात करने पर पेनाल्टी लगाने की नई उभरी चुनौती को केन्द्र सरकार इसे अवसर एवं आत्मनिर्भरता में बदलकर देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित नहीं होने देगी।

**-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

# भाजपा के हजार से 20 हजार तक सदस्य बनाने वालों का सीएम करेंगे सम्मान

## कार्यक्रम में सभी मंत्री, विधायक, सांसदों को भी आमंत्रण

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान में एक हजार से 20 हजार तक सदस्य बनाने वाले कार्यकर्ताओं का भाजपा का प्रदेश संगठन शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सम्मान करवाएगा। इसी के साथ सभी को मुख्यमंत्री के साथ भोज का भी अवसर मिलेगा। नया रायपुर में मुख्यमंत्री निवास में होने वाले इस आयोजन में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को भी आमंत्रित किया गया है।

बीते साल प्रदेश संगठन ने प्रदेश में 60 लाख सदस्य बनाकर इतिहास रचने का काम किया है। प्रदेश संगठन ने कार्यकर्ताओं को तीन हजार सदस्य बनाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भोजन करने का मौका देने के साथ सम्मान भी करने का ऐलान किया था। सदस्यता अभियान समाप्त होने के सात माह अब जाकर कार्यकर्ताओं का इंतजार समाप्त हुआ है।



भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने जब देशभर में बीते साल सितंबर से दिसंबर तक सदस्यता चलाया तो अभियान के लिए सांसदों के लिए जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया गया, वहीं विधायकों के लिए दस-दस हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य तय किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सभी मंत्रियों और ज्यादातर विधायकों ने अपना लक्ष्य प्राप्त करने में सफलता प्राप्त की। कुछ विधायक अपना लक्ष्य प्राप्त ही नहीं कर सके। इसी तरह से सांसदों में आधा दर्जन से ज्यादा सांसद अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं सके। ये सांसद तो आधे लक्ष्य तक भी नहीं पहुंचे सके। एक सांसद तो पांच सौ सदस्य भी नहीं बना सके थे। जहां एक तरफ कई सांसद और विधायक लक्ष्य प्राप्त करने में सफल नहीं रहे, वहीं थोक में कार्यकर्ताओं ने तीन हजार सदस्य बनाने का काम आसानी से किया। इसी के साथ कई कार्यकर्ताओं ने दस हजार और इससे ज्यादा भी सदस्य बनाने का काम किया है। अब इन सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान होगा और मुख्यमंत्री के साथ भोजन करने का मौका भी मिलेगा।

जिला स्तर पर सौ सदस्य बनाने वाले सदस्यों को शतकवीर सम्मान, 500 सदस्य बनाने वालों को शक्ति सम्मान और हजार सदस्य बनाने वालों को दीप सम्मान दिया जाएगा। इसी तरह से राज्य स्तर पर तीन हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता श्री सम्मान, पांच हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता गौरव सम्मान, 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाने वालों को सदस्यता रत्न और 20 हजार सदस्य बनाने वालों को सदस्यता भूषण सम्मान दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ होने वाले कार्यक्रम में एक हजार से 20 हजार सदस्य बनाने वालों का ही सम्मान होगा। सौ से पांच सौ सदस्य बनाने वाले सदस्यों का अलग से जिलों में सम्मान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### गायत्री प्रज्ञापीठ में मनाई गई तुलसीदास जयंती

**रायपुर।** गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषीनगर में गुरुवार को गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम श्रीराम मानस मंडली एवं प्रज्ञा महिला रामायण मंडली द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सुंदरकांड का पाठ व हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। इसके बाद वरिष्ठ परिजन हरिराम साहू, आरके साहू द्वारा गोस्वामी तुलसीदास की जीवनी के संबंध जानकारी दी। कार्यक्रम में दीनानाथ साहू, एचएल साहू, ईश्वर साहू, रामेश्वर पटेल, भारती ठाकुर, केशर सेन, निर्मला साहू, कृष्णा गजेन्द्र, साधना वर्मा, सीताराम साहू, अनिता साहू, जानकी निषाद सहित गायत्री प्रज्ञापीठ परिवार एवं मोहल्ले के श्रद्धालु उपस्थित थे।

### लांड्री का विवादित टेंडर निरस्त, धोबी समाज खुश

**रायपुर।** डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा लांड्री का टेंडर निकाला गया था, जिसमें करोड़ों रुपए के टर्नओवर के साथ-साथ कई अनाप-शनाप नियम-शर्तें जोड़ दी थीं। इससे पैतृक व्यवसाय करने वाले धोबी समाज के लोग निविदा में भाग नहीं ले सकते थे, जिसके कारण समाज के लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक सुनील सोनी से मुलाकात कर इस विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए गुहार लगाई। धोबी समाज की इस जायज मांग का समर्थन पिछड़ा वर्ग के सभी समाज के प्रतिनिधियों ने प्रो. घनाराम साहू के निर्देशन में सोशल मीडिया पर मुहिम चलाई, जिसमें सफलता भी मिली और अंततः डीकेएस प्रबंधन को इस विवादित टेंडर को निरस्त करना पड़ा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नाराजगी जाहिर करते हुए इस विवादित टेंडर को निरस्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे। समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक सुनील सोनी, सभी सामाजिक मुखिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार माना है।

### नौकरी लगाने का झांसा देकर साढ़े 17 लाख की ठगी

**रायपुर।** सरस्वती नगर थाने में एक व्यक्ति ने अन्य के खिलाफ पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में लैब असिस्टेंट की नौकरी लगाने के नाम पर साढ़े 17 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी सुरेश कुमार साहू ने छोटे लाल यादव के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि छोटेलाल ने उसे तथा अन्य को विश्वविद्यालय प्रबंधन तथा अफसरों से पहचान होने का झांसा देकर जनवरी में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की है।

# सोसाइटियों में कम मात्रा में पहुंचा डीएपी स्टॉक मांग के अनुसार नहीं मिल रहा किसानों को

हरिभूमि न्यूजः रायपुर।

राजधानी रायपुर के सभी ब्लॉक की शासकीय सोसाइटियों में डीएपी की आपूर्ति कर दी गई है, लेकिन इसके बाद भी किसानों को फसल लगाने के अनुसार डीएपी मिल नहीं पा रहा है। इसका कारण सोसाइटियों में खपत के अनुसार कम मात्रा में डीएपी का स्टॉक भेजना बताया जा रहा है। स्टॉक की कमी के कारण सोसाइटी प्रबंधक भी किसानों को उनकी मांग के अनुसार कम डीएपी का वितरण कर रहे हैं। हरिभूमि ने गुरुवार को कई किसानों से डीएपी को लेकर बातचीत की। इस दौरान किसानों ने बताया कि सोसाइटियों में 50 प्रतिशत किसानों को भी डीएपी मांग के अनुसार वितरण नहीं किया है, जिसके कारण किसानों को बाजार से अधिक मूल्य देकर डीएपी खरीदना पड़ रहा है।



### अभनपुर ब्लॉक की सोसाइटियों में डीएपी की भारी किल्लत

अभनपुर ब्लॉक की सोसाइटियों में डीएपी की भारी किल्लत बनी हुई है। इस क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू डीएपी को लेकर किसानों की परेशानी को देखते हुए सामान्य सभा की बैठक में भी जोरशोर से मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने बैठक में जानकारी दी कि किसानों को मजबूरी में बाजार से अधिक मूल्य देकर डीएपी खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से मांग की है कि सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को कम मूल्य पर मिल सके।

### केसः1- 26 एकड़ के लिए दो बार में 20 बोरी ही मिला

ग्राम सारखी अभनपुर निवासी किसान मनोज साहू ने बताया कि उसका 26 एकड़ खेत है, जिसमें वह फसल उत्पादन कर रहा है। सोसाइटी से उसे अभी तक दो बार में 20 बोरी डीएपी ही मिल पाया है। इसके लिए भी उसे सोसाइटी प्रबंधक से विवाद करना पड़ा। उनहोंने बताया कि एक एकड़ फसल के लिए कम से कम डेढ़ बोरी डीएपी की जरूरत होती है, लेकिन सोसाइटी में स्टॉक नहीं होने से एकड़ एक बोरी के अनुसार भी डीएपी दिया नहीं जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनके गांव तथा लगा गांव कोलर में हर बार 3 हजार बोरी डीएपी की जरूरत किसानों को पड़ती है। इसके एवज में अब तक मात्र 12 सौ डीएपी सोसायटी से वितरण हुआ है।

### केसः2- 5 हजार की जगह 2 हजार ही बंट पाया डीएपी

तामासिवनी निवासी किसान हरीश साहू ने बताया कि उसके गांव में संचालित सोसायटी के अंतर्गत तीन गांव तामासिवनी, डोमा एवं मोखेतरा आता है। इन तीनों गांव में मिलाकर हर बार 5 से 6 हजार डीएपी की आवश्यकता किसानों को होती है। इसके एवज में सोसाइटी में अभी तक तीन बार में दो हजार डीएपी ही आया है, जिसका वितरण किसानों को किया है। हरीश ने बताया कि उसके 9 एकड़ खेत है। इसके लिए उसे दो बार में 15 बोरी डीएपी मिला है, लेकिन दूसरे कई किसानों को एक एकड़ एक बोरी के अनुसार भी डीएपी नहीं मिल पाया है।

### केसः3- विवाद करने पर 16 एकड़ के लिए दो बार में 15 बोरी मिला

ग्राम खपरी निवासी किसान महेंद्र कुमार साहू ने बताया कि उसके 16 एकड़ खेत है। इसके लिए उसे ग्राम भलेरा सोसायटी से पहले मात्र 10 बोरी डीएपी मिला था। 5 दिन पहले ही दोबारा स्टॉक आने पर उसे 5 और बोरी प्रबंधक से विवाद करने के बाद मिला। एकड़ के अनुसार कम डीएपी मिलने के कारण उसे बाजार से अधिक कीमत पर खरीदना पड़ा। उन्होंने बताया कि स्टॉक कम होने के कारण प्रबंधक प्रति एकड़ एक बोरी के अनुसार भी डीएपी नहीं दे रहा है। इधर विभागीय अधिकारी सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में यूरिया और डीएपी होने का दावा कर रहे हैं, जबकि हकीकत में किसानों को ज्यादा मूल्य देकर बाजार से डीएपी खरीदना पड़ रहा है।

# पापुनि घोटाले में 14 साल बाद कोर्ट में 2000 पन्नों का चालान पेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम में डेढ़ दशक पूर्व वर्ष 2009-10 में नियमों तथा निविदा शर्तों का उल्लंघन कर पुस्तक छपाई कराकर साढ़े 3 करोड़ 62 लाख रुपए के घोटाले में ईओडब्लू, एसीबी ने गुरुवार को स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया। इसमें पाठ्य पुस्तक निगम तथा प्रकाशन से जुड़े चार लोग नामजद हैं। उनके खिलाफ कोर्ट में दो हजार पन्नों से ज्यादा का चालन पेश किया गया है। प्रकरण में आरोपी बनाए गए तत्कालीन प्रबंध संचालक के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद उसके खिलाफ अलग से पूरक चालान पेश किया जाएगा। इनके खिलाफ ईओडब्लू तथा एसीबी में आईपीसी की धारा 420, 120-बी एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13 (1) डी 13 (2) के तहत अपराध दर्ज है। ईओडब्लू ने पाठ्य पुस्तक निगम के तत्कालीन महाप्रबंधक, उप महाप्रबंधक, मुद्रक, तकनीशियन मुद्रक तथा प्रकाशक के खिलाफ चालान पेश किया है। अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद तत्कालीन प्रबंध संचालक के खिलाफ भी पूरक चालान पेश किया जाएगा। आरोप है कि वर्ष 2009-10 में कक्षा तीसरी के एमजीएमएल काड्र्स मुद्रण कार्य में नियमों की अनदेखी कर मिंज कंपनी को हिंदी एवं गणित के आठ-आठ हजार के दो सेट 3 करोड़ 82 लाख 89 हजार 600 रुपए तथा मेसर्स छत्तीसगढ़ पैकेजर्स भिलाई को पर्यावरण विषय के आठ हजार सेट के लिए 2 करोड़ 4 लाख 15 हजार 40 कुल 5 करोड़ 87 लाख 4 हजार 640 रुपए भुगतान करना बताया गया।

### दो करोड़ से कम की राशि का भुगतान

कोर्ट में ईओडब्लू ने जो चालान पेश किया है, उसके मुताबिक मुद्रकों को डाई कटिंग सहित भुगतान करना बताया गया है, जबकि डाई कटिंग की राशि छोड़कर कुल एक करोड़ 83 लाख 95 हजार 440 रुपए भुगतान किया जाना था। पाठ्य पुस्तक निगम के अधिकारियों द्वारा 4 करोड़ 3 लाख 9 हजार 200 रुपए मुद्रकों को अधिक भुगतान किया गया। इस राशि में से पांच प्रतिशत सर्विस टैक्स तथा दो प्रतिशत टीडीएस काटकर शेष राशि पाठ्य पुस्तक निगम के अधिकारी ने घोटाला कर अपने पास रख लिए।

# युक्तियुक्तकरण में गंभीर गड़बड़ियां, 800 से अधिक शिक्षकों ने दिया अभ्यावेदन

हरिभूमि न्यूजः रायपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए प्रदेश के 800 से अधिक शिक्षकों ने विभाग द्वारा जिला, संभाग और प्रदेश स्तर पर बनाई गई कमेटी को अभ्यावेदन दिया है। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग में जिला एवं संभाग स्तर पर युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के तहत शिक्षकों को नियम का ध्यान नहीं रखते हुए विभाग ने शिक्षकों को अतिशेष मानते हुए मनमाने ढंग से अन्य शाला में भेज दिया गया। सभी जिलों में ऐसे मामलों को लेकर सुनवाई की जा रही है। सुनवाई से असंतुष्ट शिक्षक आगे अपील कर सकते हैं।

- जिला, संभाग स्तर पर सुनवाई, निराकरण न होने पर राज्य समिति में अपील

पूरे प्रदेश में 13709 शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण हुआ। छत्तीसगढ़ में पोस्टिंग लिस्ट जारी हुई। विभाग का दावा है कि युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से उन्हें उन स्कूलों में भेजा जाएगा जहां उनकी वास्तव में आवश्यकता है, जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। यह कदम उन स्कूलों में छात्र-शिक्षक अनुपात को बेहतर बनाने में मदद करेगा, जहां शिक्षकों की कमी है, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल पाएगी।

युक्तियुक्तकरण में विवाद का मुख्य कारण यह है कि शिक्षकों को सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में स्थानांतरित किया जा रहा है, जिससे उन्हें और उनके परिवारों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया है कि युक्तियुक्तकरण के पहले ही शिक्षकों से सहमति पत्र भरवा लिया गया था।

### छिपाई गई जानकारी

बताया गया है कि काउंसिलिंग के समय उन्हें जिले में रिक्त पदों की स्थिति को दिखाने के बजाय हिन्दी माध्यम वाले शिक्षकों को अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों का विकल्प दिया गया। शिक्षकों का कहना था कि ब्लॉक स्तर के शहर से लगे गांवों के स्कूलों की सूची को संभाग स्तर में डाल दिया गया। डीईओ के स्तर पर की गई गड़बड़ी में एक शिक्षक को केवल पांच विकल्प दिए गए। रिक्त पदों की पूरी जानकारी नहीं दी गई।

### यह पाई गई कमियां

युक्तियुक्तकरण में शिक्षकों की वरिष्ठता को ध्यान नहीं रखा, न ही गम्भीर बीमारी, दिव्यांग शिक्षक को राहत नहीं दी गई। ऐसी विभिन्न समस्याओं के साथ-साथ प्रधान पाठकों को भी प्रशासनिक पद से उतार कर शिक्षक एवं विषय शिक्षक के रूप में शाला में गिन कर प्रधान पाठक पद समाप्त कर दिया गया। जिससे शाला में शिक्षक की संख्या को अतिरिक्त बताकर अतिशेष बनाकर विकास खण्ड और जिला से बाहर भेज दिया गया। ऐसी विडम्बना से पीड़ित शिक्षकों के समूह द्वारा एक साथ, शालाओं एवं शिक्षकों का युक्तियुक्तकरणा निर्देश को चुनौती दी गई है।

### शिक्षकों को सुनवाई का अवसर

असंतुष्ट शिक्षकों को उनकी पदस्थापना को लेकर सुनवाई का मौका दिया गया है। जिला, संभाग और राज्य स्तर पर अभ्यावेदन देने वाले शिक्षकों को मौका दिया गया है। यहां पर सुनवाई के बाद कई शिक्षकों को राहत मिली। जिन लोगों को राहत नहीं मिली, वे आगे संभाग स्तर पर अपील कर सकते हैं। राज्य स्तर पर अंतिम सुनवाई के बाद शिक्षक उच्च न्यायालय जाएंगे।

# पीएससी करेगा मेडिकल कॉलेजों में 125 सहायक प्राध्यापकों भर्ती

## चिकित्सा शिक्षा विभाग ने भेजा लोक सेवा आयोग को खत

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

प्रदेश के शासकीय मेडिकल कॉलेज में सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। इन रिक्त पदों पर भर्ती छग लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने इस संदर्भ में पीएससी को खत लिखा है। प्रदेश के शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापकों के 125 पद रिक्त हैं।

चिकित्सा शिक्षा विभाग ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग को पत्र प्रेषित कर इन पदों की पूर्ति के लिए औपचारिक मांग भेजी गई है। विभाग के मुताबिक, यह मांग विभागीय स्वीकृति के अनुरूप तैयार की गई है, जिससे भर्ती प्रक्रिया को शीघ्र एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण किया जा सके।

### प्रभावित हो रही है पढ़ाई

सहायक प्राध्यापकों की कमी के कारण छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इससे मेडिकल चिकित्सा की गुणवत्ता और शोध कार्य पर भी असर पड़ा है। जूडो सहित अन्य चिकित्सा छात्र समय-समय पर प्राध्यापकों की मांग करते रहे हैं। अब इनकी नियुक्ति के बाद स्थिति में सुधार की उम्मीद शासकीय महाविद्यालय प्रबंधन और मेडिकल छात्रों को है।

पीएससी द्वारा इन पदों पर सीधी भर्ती की जाएगी। इसके लिए विस्तृत शेड्यूल और विज्ञापन पृथक रूप से लोक सेवा आयोग द्वारा जारी किया जाएगा।

### किसान से दो हजार की लूट

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक किसान ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ दो हजार रुपए लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंदु पाल ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है।

# औद्योगिक प्रदूषण से श्रमिकों के बीमार मामले में अगली सुनवाई 15 सितंबर को होगी

बिलासपुर। औद्योगिक प्रदूषण से श्रमिकों के बीमार होने के मामले में जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान दो कोर्ट कमिश्नरों ने अपने दिए साइट को बदलने का अनुरोध किया। हाईकोर्ट ने इसे मंजूर कर अगली सुनवाई 15 सितंबर को निर्धारित की गई है। प्रदेशभर में संचालित तमाम प्लांटों में काम करने वाले मजदूरों को सीमेंट और लोहे की डस्ट से बहुत परेशानी होती है। इसके कारण मजदूरों के फेफड़े बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इसे लेकर हाईकोर्ट में अलग-अलग उत्कल सेवा समिति, लक्ष्मी चौहान, गोविंद अग्रवाल, अमरनाथ अग्रवाल और एक स्वसंज्ञान मामले में जनहित याचिका के तौर पर सुनवाई चल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी देश के कई राज्यों को भी ऐसी ही स्थिति को लेकर निर्देशित किया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में एडवोकेट प्रतीक शर्मा और पीआर पाटनकर समेत 11 लोगों को न्यायमित्र नियुक्त किया था। इनसे प्रदेश की इन औद्योगिक इकाईयों में प्रदूषण के कारण हो रही परेशानी के बारे में जानकारी मंगाई थी। शासन के वकील ने बताया था कि राज्य में करीब ऐसे 60 स्पंज आयरन या सीमेंट प्लांट हैं, जहां इस प्रकार की शिकायत आ रही है। इसके बाद ही चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने न्यायमित्रों को हाईकोर्ट कमिश्नर बनाकर डाटा रिपोर्ट पेश करने को कहा था। इसके बाद हुई सुनवाई में चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच में सभी कोर्ट कमिश्नरों ने रिपोर्ट पेश कर दी थी। पहले हुई सुनवाई में कोर्ट ने कहा कि गरीब श्रमिकों की हालत बहुत खराब है। इनकी स्थिति को तत्काल सुधरने की जरूरत है। काम की परिस्थितियां और पर्यावरण सही करना होगा। गुरुवार को चीफ जस्टिस रमेश कुमार सिन्हा की डिवीजन बेंच में सुनवाई दौरान दो कोर्ट कमिश्नरों ने कोर्ट को बताया कि जो क्षेत्र, साइट निरीक्षण के लिए दिया गया है, उसे बदलने की जरूरत है। कोर्ट कमिश्नरों के आग्रह को चीफ जस्टिस ने स्वीकार कर उन्हें दूसरे क्षेत्र में नियुक्त करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 15 सितंबर को निर्धारित की गई है।


**Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission**
Irrigation Colony, Shanti Nagar, Raipur - 492 001 (C.G.) Ph.0771-4073568, Fax: 4073553
Website: www.cserc.gov.in, E-mail: cserc.sec.cg@nic.in;

**PUBLIC NOTICE**

Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission, in exercise of powers vested under section 86(1)(e) read with section 181 of the Electricity Act, 2003 (36 of 2003), has drafted Chhattisgarh State Electricity Regulatory Commission (Renewable Purchase Obligation and REC framework Implementation) (Second Amendment) Regulations, 2025.

Draft Regulations can be downloaded from the Commission's website- *www.cserc.gov.in* and can also be obtained from the Commission's office. Comments/suggestions of the stakeholders/ public are invited by 21/08/2025. Hearing will be held on 25/08/2025 at 11:30 am at the Commission's office.

"SAVE ELECTRICITY"

SECRETARY



**कार्यालय, नगर पंचायत सरिया, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
E-mail- cmonpsariya@gmail.com

क्र. 1294 / लो.नि.वि./न.पं. / 2025-26 सरिया दिनांक 31/07/2025

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के तहत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नगर पंचायत सरिया द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु.लागत (रू. लाख में) | निविदा ऑनलाईन सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 173013 | नगर पंचायत सरिया में बस स्टैण्ड भवन और वाणिज्यिक दुकान निर्माण कार्य | 136.71 | 21-08-2025 17:30 PM |
| 2 | 173010 | वार्ड क्र. 12 गार्डन में स्ट्रीट लाईट एवं पोल स्थापना कार्य। | 12.32 | 21-08-2025 17:30 PM |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।
जल ही जीवन है, कृपया पानी व्यर्थ न बहावें। समय पर करों का भुगतान करें।।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिका परिषद् खरसिया जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/ 1264 / न.पा.प./ लो.नि.वि/2025-26 खरसिया, दिनांक 31/07/2025

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षमत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र | सि.नि. क्र | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र शुल्क (रू. में) | समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 172951 | नगरपालिका परिषद् खरसिया के वार्ड क्र. 18 के मुक्तिधाम में शेड पाथवे एवं विकास कार्य एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्य। | 21.65 | 16500.00 | 750/- | 3 माह |
| 2 | 172981 | नगरपालिका परिषद् खरसिया के वार्ड क्र. 18 में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में बाक्स क्रिकेट निर्माण कार्य । | 35.47 | 27000.00 | 1500/- | 3 माह |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद्



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED**
(A Govt. of C.G. Undertaking)

No. 03-03/ TN-242/25-26/3200 Raipur, Dtd.30/07/2025

**E-TENDER NOTICE NO. TN-242/25-26**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | HW-293/25-26 8100045335 (With RLA) | Award of Contract for "Shifting of plant material from O&M: store to site store and work place & assisting the mechanical maintenance work at CHP: Internal, 4x210MW, HTPS, Korba (West)" | 28.08.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 2. | HW-294/25-26 8100045334 (With RLA) | Award of Contract for "Erection, Commissioning & testing of 3 No. New 16 MVA 15.75/6.6 KV UAT at HTPS, CSPGCL, Korba West. | 29.08.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 3. | EW-295/25-26 8100045360 (With RLA) | Assistance services in office computer works at various circles under O/o Addl.C.E. (O&M)-II, 1x500 MW, HTPS, CSPGCL, KW. | 28.08.2025 Upto 15:00 Hrs |
| 4. | EW-296/25-26 8100045359 (With RLA) | Work Contract for Belt jointing by Hot Vulcanizing process and Belt Replacement/Addition & Belt Tuning for 1600 mm width pipe conveyor belt at CHP;EXT, HTPS, KWB. | 28.08.2025 Upto 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:-https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRICITY

EXECUTIVE DIRECTOR (S&P:GEN)
CSPGCL::RAIPUR



**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN- U40108CT2003SGC0158200 GSTIN-22AADCC5773E1ZX
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (SUB-STATION)**
Quarter No. OA-01, Old CSEB Colony, Tifra, Bilaspur (C.G.) 495223
Website- www.cspc.co.in e-mail:- cessonm.bilaspur@cspc.co.in Ph. No. 07752-493537 Fax No. 07752-493537

No. 02-17/Pur/T-521/998 Bilaspur, Date: 28.07.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Sealed tenders are invited from eligible experienced contractor on labour contract basis for the following works:-

| SN | Tender No. | Particulars | E.M.D |
|---|---|---|---|
| 01. | 02-17/Pur/ TR-521/998 Dtd.28/07/25 (RFx. No. 8100045293) | Supply of 02 No. Trolley Mounted transformer oil filtration cum storage tank (MS) 5KL heavy duty mounted on four wheel trolley for 132KV S/s Masturi (Malhar) under EE (S/s) Dn. CSPTCL Bilaspur | 12,600.00 |
| Cost of Tender Documents (Non-refundable) incl. GST@18% | | | 2,000.00 |
| Last Date & Time of Sale of Tender: - | | 18/08/2025 | 15:00 Hrs |
| Last Date & Time of Submission of Tender:- | | 19/08/2025 | 15:00 Hrs |
| Date & Time of Opening of Tender :- | | 19/08/2025 | 15:30 Hrs |

**Terms & conditions:-** (i) In case any of the above date is declared as holiday, then the particular date will automatically get shifted to next working day.(ii) Any notice for extension of due date of tender opening shall not be published in newspapers. It will be displayed only on official website of the company.(iii) The tender will be processed through e-bidding module of SAP-SRM. Bidders are advised to visit our web site www.cspc.co.in/csptcl for viewing detailed instructions regarding submission of offer through SAP-SRM

SAVE ELECTRICITY

Executive Director (S/s)
CSPTCL Bilaspur

वे दोस्त ही होते हैं, जो पग-पग पर हमारा साथ देते हैं। खुशी हो तो साथ आकर खुशियां दुगनी कर देते हैं, दुख हो तो बांट कर कम कर देते हैं। कैसी भी समस्या हो, साथ देकर उसे खत्म कर देते हैं। दोस्ती हर बच्चे के लिए अनमोल उपहार होती है।



# प्यारे दोस्त प्यारी दोस्ती

फीलिंग्स
मोनिका शर्मा

बच्चो, क्लास मिस हो जाने पर एक्टिविटीज की इंफॉर्मेशन देने की बात हो या शाम को गली में खेलने के लिए तुम्हारा इंतजार करना हो या फिर कभी अगर तुम्हें चोट लग जाए तो तुम्हें सहारा देकर घर पहुंचाना हो या फिर क्लास में अपने टिफिन में तुम्हारी पसंद का खाना लाना हो। इतना ही नहीं, टीचर की डांट पड़ने पर इशारों-इशारों में 'इट्स ओके' का रिएक्शन देना हो या स्कूल बस में सीट रोकने की बात हो। तुम्हारे लिए, ये सब कौन करता है? तुम्हारे फ्रेंड्स न! ऐसी लविंग-केयरिंग, शेयरिंग वाली एक्टिविटीज के पीछे एक प्यारा-सा रिलेशन होता है- फ्रेंडशिप। फ्रेंड्स एक-दूसरे के लिए इतने स्पेशल होते हैं कि उनके लिए कुछ एक्स्ट्रा करने का मन करता ही है। तभी तो दोस्ती को दुनिया का सबसे प्यारा रिश्ता कहा गया है।



## दोस्ती में ऊंच-नीच नहीं होता



दोस्ती में फन भी होता है और फेवर भी। शिकायतें भी होती हैं और परवाह भी। मिलकर मस्ती करने वाले इस प्यारे जुड़ाव में दोस्त की मदद करने की सोच भी बहुत गहरी होती है। दोस्ती में कोई ऊंच-नीच भी नहीं होता। दिल से एक-दूसरे को पसंद करना ही हमें मित्रता के बंधन में बांधता है। बच्चो, घर के बड़ों से भगवान कृष्ण और सुदामा की मित्रता के बारे में तो तुमने जरूर सुना होगा। भगवान कृष्ण अपने मित्र सुदामा से बहुत प्रेम करते थे, उनका बहुत सम्मान करते थे।

## प्यारा-सा गिफ्ट है फ्रेंडशिप

फ्रेंडशिप एक बहुत प्यारा और सुंदर गिफ्ट है, जिसके पैकेज में हंसी, खुशी, मौज-मस्ती और रेस्पेक्ट सब कुछ होता है। जब हम किसी मुश्किल में होते हैं, तो हमारे फ्रेंड्स हमारा साथ देते हैं। फ्रेंड्स जरूरत पड़ने पर हेल्प करते हैं। गलती होने पर समझाते हैं। कुछ भी गलत करने से रोकते हैं। जैसे तुम होमवर्क-क्लासवर्क की कॉपी शेयर करके एक-दूसरे की पढ़ाई में हेल्प करते हो। क्राफ्ट मेकिंग में आइडियाज देते हो। वैसे ही लाइफ के हर एज में फ्रेंड्स एक-दूसरे के साथ हेल्प करते हैं। इसीलिए अपने फ्रेंड्स के साथ हमेशा प्यार से रहना चाहिए। फ्रेंड्स को यह बताना चाहिए कि तुम उनसे कितना प्यार करते हो। याद रखो, जिंदगी के हर फ्रंट पर दोस्ती का रिश्ता बहुत ज्यादा महत्व रखता है।

## फैमिली मेंबर सा फ्रेंड

बच्चो, यह बात कितनी प्यारी है न कि धीरे-धीरे फ्रेंड हमारे फैमिली मेंबर जैसे हो जाते हैं। एक-दूसरे के घर आना-जाना और साथ खेलना दोस्ती को और गहरा बनाता है। इससे आपसी अंडरस्टैंडिंग अच्छी बनती है। अपने दोस्त के फैमिली मेंबर्स की भी हमें रेस्पेक्ट करनी चाहिए। अपने मम्मी-पापा की तरह अपने फ्रेंड के पैरेंट्स



और बड़ों को भी खूब रेस्पेक्ट देनी चाहिए। अपने फ्रेंड को बहुत प्यार से अपने घर बुलाना चाहिए। फ्रेंड के घर जाओ तो वहां तुम्हें खूब प्यार से, सलीके से रहना चाहिए। सबका अभिवादन करना चाहिए।

## जरूरी है बैलेंस्ड बिहेवियर

दोस्तों से मेलजोल के समय अच्छा और बैलेंस्ड बिहेवियर बहुत जरूरी है। अपने फ्रेंड के इमोशंस को समझने के साथ ही अपनी लिमिट्स को भी जानना चाहिए। साथ खेलते, पढ़ाई करते या एंज्वॉय करते समय कभी भी फ्रेंड्स या उनके फैमिली मेंबर्स का मजाक नहीं बनाना चाहिए। बात-बात में टांग खिंचाई करना अच्छी बात नहीं होती। दिल से दोस्ती करो। हमेशा पॉजिटिव रहो और फ्रेंडशिप की प्यारी-प्यारी बातों को खूब एंज्वॉय करो। *

## कुट्टी की करो छुट्टी

**वैसे तो** दोस्ती में कोई रूल नहीं होता पर एक रूल जरूर बना लो। कभी भी आपस में नाराजगी हो जाए, तो फटाफट अपने फ्रेंड को मना लेना। सबसे पहले कुट्टी की छुट्टी करनी है। कई बार छोटी-सी बात पर फ्रेंड्स गुस्सा हो जाते हैं, यह सही नहीं है। किसी दोस्त से अगर कोई गलती हो जाए, तो उसकी गलती को इग्नोर कर उसे गले लगा लेना चाहिए। खुद से कोई गलती हुई हो तो सॉरी कहने में देर ना करो। एक-दूसरे की पसंद-नापसंद को समझने, प्यार से रहने और मोटिवेट करने से कोई दोस्त कभी नाराज नहीं होता। फिर भी किसी फ्रेंड के रूठ जाने पर मनाने में देरी नहीं करनी चाहिए। यह तुम्हारी दोस्ती को और भी पक्का करने वाला कदम होगा। प्यारे बच्चो, केयरिंग-शेयरिंग ही फ्रेंडशिप की बुनियाद है।



बच्चो, इंसान ही नहीं, एनिमल्स भी आपस में दोस्त होते हैं। किस एनिमल की किस दूसरे एनिमल से दोस्ती होती है, ये अपनी दोस्ती कैसे निभाते हैं, जानो।

# एनिमल्स की अनोखी फ्रेंडशिप

रोचक
शिखर चंद जैन



बच्चो, इंसान ही नहीं कुछ एनिमल्स भी दोस्ती निभाने में पीछे नहीं होते। देखा जाता है, एक-दूसरे की जरूरत पूरी करने वाले दो भिन्न प्रजातियों या समूहों के जीव-जंतुओं में गहरी दोस्ती का रिश्ता होता है। यहां हम तुम्हें बता रहे हैं डिफरेंट स्पिशीज के कुछ रियल फ्रेंड्स के बारे में, जो एक-दूसरे का सहारा बनकर पूरी जिंदगी दोस्ती निभाते हैं।

**जेब्रा और शुतुरमुर्ग:** अफ्रीका के जंगलों में जेब्रा और शुतुरमुर्ग के झुंडों को साथ-साथ विचरण करते देखा जा सकता है। ये एक-दूसरे को खतरनाक जानवरों या शिकारियों के खतरे से



आगाह करते हैं। एक तरफ जहां शुतुरमुर्ग की सुनने और सूंघने की क्षमता कम होती है, वहीं जेब्रा की नजर कमजोर होती है। जेब्रा अपनी सुनने की अतिरिक्त क्षमता से किसी भी खतरे के प्रति शुतुरमुर्ग को भी सतर्क कर देता है। उधर दूर तक देखने की क्षमता रखने वाला शुतुरमुर्ग, जेब्रा को आने वाले खतरों से सावधान करता है।

**क्लाउन फिश और एनिमोन:** रतन ज्योति यानी एनिमोन एक समुद्री जंतु है, जो आमतौर पर चट्टानों से चिपका रहता है। जबकि क्लाउन फिश एक मछली है। इन दोनों का याराना इतना गहरा होता है कि लोग इनका नाम भी एक साथ जोड़कर लेते हैं-एनिमोनफिश। एनिमोन अपनी लंबी डंकनुमा भुजाओं से शिकार पर विष छिड़क कर उसे मार डालता है। इस जहर से क्लाउन फिश को कोई नुकसान नहीं होता। वह तो एनिमोन की लंबी भुजाओं में सुरक्षित बैठी रहती है और उसकी साफ-सफाई करती रहती है। उसके कारण किसी प्रकार के पैरासाइट एनिमोन की भुजाओं को नुकसान नहीं पहुंचा पाते। साथ ही वह एनिमोन के लिए खुद को चारे की तरह प्रस्तुत करके उसके लिए शिकार को ललचाती है। इस प्रकार दोनों को इस दोस्ती का फायदा होता है। *

## हनीगाइड बर्ड इंसान को पहुंचाती है मधुमक्खी के छत्ते तक

अफ्रीका में पाई जाने वाली चिड़िया हनीगाइड, इंसानों की अच्छी दोस्त मानी जाती है। जंगलों में शहद की खोज करने वालों को यह चिड़िया मधुमक्खियों के छत्तों तक पहुंचाने का काम बखूबी करती है। यह मधुमक्खी के छत्ते की ओर इंसान का ध्यान आकृष्ट करने के लिए एक पेड़ से



दूसरे पेड़ पर फुदकती हुई छत्ते की दिशा बताती है। इससे जहां इंसान को शहद मिल जाता है, वहीं चिड़ियों को मधुमक्खी के छत्ते से वैक्स, लार्वा आदि की शानदार दावत मिल जाती है। बच्चो, है ना यह मजेदार बात!

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

## बाघ मामा, सियार भांजा लड़ा रहे हैं कहानियों में पंजा

बच्चो, जब तुम्हारे दादाजी-दादीजी कहानी सुनाते हैं तो बड़ा मजा आता है। कुछ ऐसा ही मजा तुम्हें मिलेगा, जब तुम पढ़ोगे- बुलबुल की किताब। इस किताब में तुम्हारे लिए छब्बीस कहानियां हैं। इनमें से कुछ कहानियों में सियार हीरो है, जो बाघ को मामा भी कहता है और उसको बेवकूफ भी बनाता है। ये कहानियां शक्ति पर युक्ति यानी बल पर बुद्धि की जीत बताती है। पहली कहानी 'बुलबुल और बिल्ली' में तुम्हें पता चलेगा कि प्यारी सी बुलबुल अपने बच्चों की रक्षा दुष्ट बिल्ली से कैसे करती है। 'बुलबुल और राजा' कहानी में यही बुलबुल राजा से पंगा लेती है। 'नरहरि दास' कहानी पढ़ोगे तो पता चलेगा कि एक मेमना किस तरह जंगल में सारी मुसीबतों का सामना करते हुए घर लौटता है। ये कहानियां सौ साल से भी पहले लिखी गई थीं, इन्हें बांग्ला भाषा में लिखा था मशहूर फिल्म निर्देशक सत्यजित राय के दादाजी उपेंद्र किशोर रायचौधुरी ने। लेकिन आज भी ये कहानियां बेमिसाल हैं। उनकी एक कहानी पर 'गोपीगाइन बाघाबाइन' नाम से बच्चों की एक लोकप्रिय फिल्म भी बन चुकी है। *



**किताब:** बुलबुल की किताब, **लेखक:** उपेंद्र किशोर रायचौधुरी, **मूल्य:** 100 रुपए, **प्रकाशक:** साहित्य अकादेमी, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**टीचर**-तुमने अपना होमवर्क क्यों नहीं किया?
**भोलू**-मैम, मैंने जैसे ही होमवर्क करना शुरू किया लाइट चली गई थी।
**टीचर**-लाइट आने के बाद फिर क्यों नहीं किया?
**भोलू**- इसलिए क्योंकि मैंने सोचा कहीं मेरे होमवर्क शुरू करने से फिर से लाइट न चली जाए।

-आयुष, दुर्ग

## जीके क्विज-164

1. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?
2. हाल ही में भारत की किस महिला चेस (शतरंज) प्लेयर ने फिडे महिला विश्व कप जीता?
3. राज्यसभा का पदेन सभापति कौन होता है?
4. भारत का राष्ट्रीय संग्रहालय कहां स्थित है?
5. देश का प्रथम नागरिक और तीनों सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर कौन होता है?
6. सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
7. भारत की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?
8. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?
9. मानव शरीर में कौन-सा अंग सबसे बड़ा होता है?
10. भारत में सबसे लंबी दूरी तय करने वाली ट्रेन कौन-सी है?



बच्चो, जीके क्विज-164 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-163 का उत्तर :** 1.इंदौर, 2.असीम कुमार घोष, 3.जैनिक सिनर, 4.यूलिया स्विरीडेंको, 5.ऋग्वेद, 6.भारत रत्न, 7.शाहजहां, 8.मिग-21, 9.नर्मदा नदी, 10.पोर्ट ब्लेयर

**जीके क्विज-163 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, ताशु-गरियाबंद, मेघा-झज्जर, कबीर-हिसार, अनन्या-रायपुर, तेजस-बालोद, सचिन-महासमुंद, राहुल-दुर्ग, विकास-रोहतक, कविता-बलौदा बाजार, संदीप-भोपाल

राघव और माधव की बहुत गहरी दोस्ती थी। लेकिन कुछ ऐसी गलतफहमी हुई कि राघव ने माधव से बोलना छोड़ दिया। माधव ने राघव को बहुत समझाने की कोशिश की लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार ना था। माधव इस बात से बहुत ज्यादा दुखी था। लेकिन एक दिन कुछ ऐसा हुआ कि दोनों फिर से दोस्त बन गए।

# फिर बने दोस्त





कहानी
उषा सोमानी

राघव और माधव दोनों पक्के दोस्त थे। दोनों एक ही कक्षा में पढ़ते थे। स्कूल में बच्चे उन्हें 'सरगम' के नाम से पुकारते थे। राघव बहुत सुरीला गाता और माधव संगत देता। उनकी सुरीली जुगलबंदी देखकर, सब के मुंह से 'वाह-वाह' निकलता। माधव की अंगुलियां वाद्य यंत्रों पर ऐसे थिरकतीं कि देखने वाला पलक झपकाना ही भूल जाता।

राघव-माधव के स्कूल में खेलकूद सप्ताह चल रहा था। फुटबॉल का मैच था। राघव और माधव दोनों अपनी-अपनी टीम के कैप्टन थे। राघव की टीम जीत रही थी। बच्चे तालियां बजाकर दोनों टीम का उत्साहवर्धन कर रहे थे। अचानक माधव और राघव टकरा गए। राघव धड़ाम से जमीन पर जा गिरा। उसका पैर मुड़ गया। वह असहनीय पीड़ा से कराहने लगा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने एक्स-रे किया तो पता चला कि उसके पांव में फ्रेक्चर था। राघव और उसके माता-पिता को लगा कि राघव की टीम जीत रही थी, इसलिए माधव ने जान बूझकर राघव को धक्का दिया। उन्होंने माधव को बहुत भला-बुरा कहा। साथ ही राघव को माधव के साथ बोलने से मना कर दिया। माधव ने अपने को निर्दोष साबित करने का बहुत प्रयत्न किया परंतु वह असफल रहा।

राघव के पांव में प्लास्टर बंधे होने के कारण वह स्कूल नहीं आ रहा था। माधव अपने दोस्त की पढ़ाई में हो रहे नुकसान से बहुत चिंतित था। वह स्कूल का गृह कार्य लेकर राघव के घर गया, परंतु उसने माधव से बात करने से मना कर दिया। माधव मन मसोसकर लौट आया।

कुछ दिनों बाद राघव का प्लास्टर खुल गया। वह स्कूल आने लगा। माधव ने उसे पढ़ाए गए पाठ का दोहराव कर, समझाने का प्रस्ताव रखा, परंतु राघव ने मुंह फेर लिया। माधव अपने प्रिय दोस्त के नाराज होने से बहुत दुखी था। वह कक्षा में भी गुमसुम बैठा रहता। कक्षा के अन्य सहपाठियों ने दोनों में सुलह कराने की कोशिश की परंतु राघव ने किसी की भी बात नहीं सुनी।

तभी कक्षा में इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन के लिए सूचना आई। राघव सोचने लगा, उसकी और माधव की जोड़ी इन प्रतियोगिताओं में प्रथम आती रही है। वह माधव से बात नहीं करता, तो उसके साथ सहभागिता कैसे करेगा? उसने तय किया कि वह इस बार भाग नहीं लेगा। क्लास टीचर को जब मालूम हुआ तब उन्होंने राघव को स्टाफ रूम में बुलाया, क्योंकि वह अपने स्कूल के ग्रुप साराभाई हाउस का कैप्टन था। क्लास टीचर ने पूछा, 'तुमने और माधव ने प्रतियोगिताओं में नाम नहीं लिखवाया? अरे! तुम दोनों साराभाई हाउस के स्टार हो।'

राघव निरुत्तर था। क्लास टीचर बोले, 'हर वर्ष की तरह म्यूजिक कॉम्पिटिशन के आरंभ में सरस्वती वंदना तुम्हें ही प्रस्तुत करनी है।'

राघव भारी मन से अपनी कक्षा की ओर चल दिया। वह इसी उधेड़बुन में था कि बिना संगीत के रियाज कैसे करेगा। तभी छुट्टी होने की घंटी बजी। उसने घर जाने के लिए कंधे पर बैग लटकाया। अपनी बस में बैठने के लिए स्कूल गेट से बाहर निकल कर सड़क पर आ रहा था। तभी माधव ने बिजली-सी फुर्ती से लपक कर उसे पकड़ा और सड़क के एक ओर खींच लिया। राघव ने देखा, वह तेजी से जाती हुई एक मोटर साइकिल से टकराने से बाल-बाल बच गया। माधव उससे बोला, 'तुम्हारा ध्यान कहां है? कक्षा में भी तुम चुपचाप बैठे थे, अभी मोटरसाइकिल से टकरा जाते तो?'

राघव, माधव से लिपट गया और रोने लगा, 'मुझे माफ कर दो।'

माधव ने अपनी अंगुली से उसके आंसू पोंछे और बोला, 'पगले रोता है? आज तो खुश होने का दिन है। हमें हमारी दोस्ती वापस मिल गई।'

राघव बोला, 'तुम्हें तो पता ही है कि इंटरक्लास कॉम्पिटिशंस हो रहे हैं। मैं सरस्वती वंदना गाऊंगा। तुम संगत दोगे, तब मानूंगा कि तुमने मुझे पूरी तरह माफ कर दिया।'

माधव चहक कर बोला, 'इस वर्ष की इंटरक्लास म्यूजिक कॉम्पिटिशन में हम सुर से सुर मिलाकर एक नया रिकॉर्ड बनाएंगे।'

दोनों खिलखिलाकर हंसते हुए एक-दूसरे का हाथ पकड़े बस में चढ़ गए। *

कविता
देवी प्रसाद गौड़


एआई इमेज

## मित्र हो तो ऐसा

कक्षा में आते ही सर ने,
रामचरन को किया इशारा।
नहीं दिखाई दिया दिनों से,
बेस्ट फ्रेंड इरफान तुम्हारा।।
ठीक कहा श्रीमान आपने,
चिंतित है मन बहुत हमारा।
पता नहीं क्या हुआ अचानक,
हफ्तों से बीमार बिचारा।।
सर बोले कक्षा में सबसे,
कुशल रहे इरफान हमारा।
हम सब मिलकर करें प्रार्थना,
ईश्वर देंगे उसे सहारा।।
सोमवार को विद्यालय में,
रामचरन देरी से आया।
क्यों देर हुई तुमको इतनी,
अध्यापक ने प्रश्न उठाया।।
इरफान बुलाता था मुझको,
संकट में थे उसके प्राण,
जान बचाने परम मित्र की,
करना था मुझको रक्त दान।।
पीठ ठोक कर गुरुवर बोले,
युग-युग जियो बहादुर बच्चे।
जो मित्रों का संकट हरते,
मित्र वही होते हैं सच्चे।।

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां फ्रेंडशिप-डे पर पार्क में एक साथ एंज्वॉय कर रहे कुछ दोस्तों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में सात अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट ये अंतर बताओ।



**उत्तर:** 1.आगे बाईं तरफ खड़े लड़के के बरमूडा/पैंट की लेंथ अधिक है। 2.आगे खड़ी लड़की की डंगरी में पॉकेट बना हुआ है। 3.आगे खड़ी दूसरी लड़की के बाल खुले हुए हैं। 4.आगे बीच में खड़े लड़के की शर्ट बाहर है। 5.पीछे बाईं तरफ खड़ी लड़की का बायां हाथ नहीं दिख रहा है। 6.पीछे खड़ी दूसरी लड़की के हाथ में मोबाइल है। 7.आगे दाईं तरफ लड़के की व्हील-चेयर में आगे दो स्मॉल व्हील्स लगे हुए हैं।

## रास्ता खोजो

बच्चो, ईशान को फ्रेंडशिप-डे सेलिब्रेट कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। उसे समझ में नहीं आ रहा है कि वहां तक कैसे पहुंचे। तुम ईशान को उसके दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



### मृतकों में दो महिलाएं शामिल, सीतापुर में हथिनी ने ग्रामीण को मारा

# 24 घंटे के भीतर अलग-अलग स्थानों पर हाथियों ने ली चार ग्रामीणों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



घटना सथल पर ग्रामीणों की भीड़।

सरगुजा के अलग–अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हाथियों ने 24 घंटे के भीतर चार ग्रामीणों को कुचल जान ले ली है। मौत की घटनाओं से क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

सूचना पर सुबह डीएफओ अशोक जोगावढा वन एवं पुलिस अमले के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं स्थितियों का जायजा लिया। बलरामपुर वन मण्डल अंतर्गत वनपरिक्षेत्र राजपुर के सखौली जंगल में घूम रहा दंतैल बीती रात 9.30 बजे ग्राम पंचायत चिरगा अंतर्गत गुरू पहाड़ के पास बेवरा बस्ती में पहुंचा तथा खपरैल घर की कंडी को खींचने लगा। इस दौरान बलराम के ग्राम बांटीडांड से अपनी बेटी प्यारी (35 साल) के घर धान की रोपाई करने पहुंचा राम कोरवा आहट पाकर घर से बाहर निकला तो पास में खड़े दंतैल ने उसे अपने सूंड में लपेटकर पटक दिया तथा पैरों से कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों को मौत के घाट उतारने के बाद आक्रोशित दंतैल पैरों एवं सुंड की मदद से मृतक के शव को क्षत-विक्षत कर दिया। इधर पिता की तेज आवाज सुनकर बेटी प्यारी बाहर निकली तो दंतैल ने उसे सूंड में जकड़कर दूर पटक दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने देर रात घटना की सूचना वन अधिकारियों व पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी पूरी रात घटना स्थल पर मौजूद रहे। घटना की सूचना पर सुबह डीएफओ अशोक जोगावत वन अधिकारियों व पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लेने के बाद वन अधिकारियों को तत्काल मुआवजा प्रकरण बनाने के निर्देश दिए। इसके पूर्व बुधवार को रात्रि 2.30 बजे राजपुर से आने के बाद दंतैल ग्राम बकिला बस्ती में पहुंच गया। इस दौरान घर में मौजूद दंपत्ती नेहरू कंवर एवं सनमेत बाई दंतैल को सामने देख विपरीत दिशा में भागने लगे। इस दौरान पति नेहरू कंवर किसी तरह भागने में सफल हो गया जबकि पत्नी सनमेत बाई को दंतैल ने दौड़ाकर अपने सुंड में लपेट लिया तथा पटककर कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

**खास बात**

- धौरपुर में दंतैल ने कुचल कर ली दो महिलाओं सहित तीन लोगों की जान

#### निगरानी के नाम पर खानापूर्ति

हाथियों के हमले में चार ग्रामीणों की मौत होने के मामले में वन अमले की बड़ी लापरवाही सामने आई है। वन अमला हाथियों की निगरानी के नाम पर जमकर खानापूर्ति कर रहा है। बताया जा रहा है राजपुर जंगल से दंतैल के धौरपुर जंगल की ओर रवाना होने पर वन परिक्षेत्राधिकारी महाजन साहू ने शाम 7.30 बजे धौरपुर रेंजर को सूचना दे दी थी लेकिन रेंजर ने न तो इसकी सूचना वनकर्मियों को दी न ही क्षेत्र के ग्रामीणों को ही दंतैल से सावधान रहने के लिए सतेत किया। दंतैल के हमले में रात्रि भोर में 2.30 बजे ही ग्राम बकिला निवासी सनमेत की मौत हो गई थी लेकिन वन अमले ने घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को सुबह दी तथा स्वयं भी सुबह घटनास्थल पर पहुंचे। ग्राम चिरगा के बेवरा में दंतैल ने रात्रि 9.30 बजे ही पिता पुत्री की कुचलकर जान ले ली थी लेकिन वन अमला सुबह घटना स्थल पर पहुंचा। समय पर प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को दंतैल के मौजूद होने की सूचना देकर एवं प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को समय पर दंतैल की मौजूदगी की सूचना देकर एवं प्रभावित क्षेत्र के घरों को खाली करा इस बड़ी दुर्घटना को रोका जा सकता था लेकिन वन अमले ने इसके लिए कोई पहल नहीं की। वन अमले की खानापूर्ति से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है।

# संदेह, सुपारी और साजिश! पंचायत सचिव की हत्या के पीछे छिपी थी शक वाली दुश्मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



ग्राम पंचायत पाकरगांव के सचिव जयपाल सिदार की गुमशुदगी की गुत्थी रायगढ़ पुलिस ने सुलझा ली है। यह कोई सामान्य गुमशुदगी नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या थी, जिसमें अफेयर के शक और सुपारी किलिंग की खौफनाक कहानी सामने आई है। पुलिस ने इस सनसनीखेज खुलासे के साथ तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता शिव साहू पहले से ही हत्या के एक अन्य मामले में जेल में बंद है। 7 जुलाई की सुबह जयपाल सिदार बच्चों को स्कूल छोड़कर अपनी स्विफ्ट डिजायर कार (सीजी 12 बीए 6453) से लौट रहे थे। इसी दौरान उन्हें कोतबा चलने के बहाने बुलाया गया। उसी कार में उनके साथ तीन युवक लोग सवार हुए। जिसमें शुभम गुप्ता, मदन गोपाल सिदार और कमलेश यादव। रास्ते में चलती कार में ही गमछे से गला घोंटकर उनकी हत्या कर दी गई।

इसके बाद शव को छिपाकर आरोपी कई स्थानों पर घूमे और अंततः धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र के सिसरिंगा घाटी में फेंक दिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि रायगढ़ के फुटहामुड़ा निवासी शिव साहू को शक था कि जयपाल सिदार का उसकी पत्नी से संबंध था। इसी शक के चलते उसने एक लाख रुपये में हत्या की सुपारी दी थी, जिसमें से दस हजार रुपये एडवांस दिए गए थे। शुभम गुप्ता ने यह सौदा स्वीकार कर अपने साथियों के साथ मिलकर जून में साजिश रची थी।

#### पुलिस ने ऐसे सुलझाई हत्या की

मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की बारीकी से जांच कर पुलिस ने शक की सुई शुभम, मदन और कमलेश की ओर घुमाई। पूछताछ में सच्चाई सामने आई और हत्या की पूरी कहानी उजागर हो गई। सबसे पहले पुलिस ने शुभम को पकड़ा। जहां से कड़ियां जुड़ती चली गई। एसपी दिव्यांग पटेल, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम, सीएसपी अनिल विश्वकर्मा, एसडीओपी सिद्धांत तिवारी, थाना प्रभारी रोहित बंजारे, सीताराम ध्रुव सहित साइबर सेल और थाना स्टाफ की संयुक्त कार्रवाई में यह मामला सुलझा।

#### हत्याकांड में सजा काट रहा था शिव

मुख्य आरोपी शिव साहू जो पहले से ही हत्या के एक जघन्य अपराध में जेल में बंद है। उसने अपनी महिला मित्र के पति की हत्या कर दी थी। यह मामला सरिया थाना क्षेत्र का है, और वह फिलहाल उसी अपराध में न्यायिक हिरासत में है। पुलिस जांच में पता चला कि जेल से पेरोल पर छूटकर बाहर आने के दौरान ही उसने जयपाल की हत्या की साजिश रची और शुभम गुप्ता को एक लाख की सुपारी दी, जिसमें से 10,000 एडवांस भी दिए गए।

#### रोजगार सहायक है शिव की पत्नी, इसलिए करता था शक

पंचायत स्तर पर कार्यरत महिला रोजगार सहायक और सचिव के बीच लगातार बने संपर्क से उपजा शक ही हत्या का कारण बना। दरअसल, आरोपी शिव साहू की पत्नी पंचायत में रोजगार सहायक के पद पर कार्यरत है। महिला का सचिव के साथ अक्सर आना-जाना और बातचीत होना सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा था, लेकिन पति शिव को यह बात नागवार गुजरने लगी।

# फर्जी सील-सिक्का लगाकर ग्रामीणों को दिया जा रहा वन अधिकार पट्टा व ऋण पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बलरामपुर जिले के चलगली में एक ऐसे गिरोह का खुलासा हुआ है जो डीएफओ, कलेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर व सील सिक्का लगाकर वन अधिकार पत्र व ऋण पुस्तिका जारी कर रहा था। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरतार किया है जबकि इस गिरोह का मुख्य सरगना वर्तमान में एनडीपीएस एक्ट के मामले में ओड़सिा जेल में बंद है। आरोपी क्षेत्र के भोले भाले ग्रामीणों को 20-20 हजार रुपए में फर्जी वन अधिकार पट्टा जारी कर रहे थे। पुलिस व वन विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान 29 एकड़ जमीन का फर्जी पट्टा बनाए जाने की बात अब तक सामने आई है जबकि आने वाले समय में और भी मामले सामने आ सकते है।

बताया जा रहा है कि हाल ही में वन विभाग को सूचना मिली थी कि चलगली के मुरका क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा वन अधिकार पट्टा जारी किया जा रहा है। वन विभाग ने अपने स्तर पर मामले की जांच करने के बाद 29 जुलाई को चलगली पुलिस को मामले की सूचना दी थी जिसके बाद एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर पुलिस और वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू की और जांच के दौरान संदेह के आधार पर वाड्रफनगर चौकी अंतर्गत ग्राम शिवरी निवासी अविनाश दुबे आ. रविकांत दुबे, चलगली अमरावतीपुर निवासी विपिन कुजूर आ. अमीर साय कुजूर व चलगली मुरका निवासी सुरेन्द्र आयाम आ. दिरपाल गोंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने क्षेत्र में ग्रामीणों को वन भूमि का 20-20 हजार रुपए में पट्टा बनाने का झांसा दिया और फिर उनसे रुपए लेकर कलेक्टर, डीएफओ, संभाग आयुक्त के फर्जी हस्ताक्षर करने के साथ ही फर्जी सील सिक्का लगाकर प्रदान पट्टा दे दिया। आरोपियों ने दो ग्रामीणों को कुल 11.60 हेक्टेयर का वन अधिकार पत्र व ऋण पुस्तिका प्रदान किया और उन्हें बताया कि आने वाले समय में उनका वन अधिकार पट्टा व ऋण पुस्तिका ऑनलाइन हो जाएगा। पुलिस ने आरोपियों से 29 एकड़ भूमि का कुल 10 वन अधिकार पत्र, 3 ऋण पुस्तिका, 3 नग मोबाइल फोन, एक बाइक जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4),336(3), 338, 3(5) के तहत कार्रवाई की है।

#### सरगना उड़ीसा जेल में बंद

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने वाड्रफनगर निवासी कुंदर कुमार रजक के साथ मिलकर इस फर्जीवाड़ा को अंजाम दिया है। फर्जी वन अधिकार पत्र जारी करने का मुख्य काम कुंदर कुमार रजक ने किया है लेकिन वर्तमान में आरोपी एनडीपीएस एक्ट के मामले में उड़ीसा जेल में है। थाना प्रभारी श्री भारद्वाज ने बताया कि उड़ीसा जेल में बंद आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी जिससे और भी जानकारी सामने आएगी। फिलहाल सिर्फ दो ग्रामीणों को वन अधिकार पत्र बनाकर देने की जानकारी मिली है।

# शादी के जोड़े में डांस करते-करते दुल्हन ने तोड़ा दम, कुछ ना कर सके घराती-बाराती

**बदायूं**। शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब हल्दी की रस्म के दौरान डांस करती हुई दुल्हन दीक्षा की अचानक तबीयत बिगड़ गई और कुछ ही पलों में उसकी मौत हो गई। यह दिल दहला देने वाली घटना बदायूं की है, जहां बारात आनी थी, लेकिन उससे पहले ही घर से बेटी की डोली की बजाय उसकी अर्थी उठी। दरअसल, ये मामला इस्लामनगर थाना क्षेत्र के नूरपुर पिनौनी गांव की बताई जा रही है। परिवार के मुताबिक, दीक्षा अपने घर में चार भाइयों में इकलौती और सबसे बड़ी संतान थी। वह इस्लामनगर के एक डिग्री कॉलेज से बीए की पढ़ाई कर रही थी। रविवार को हल्दी की रस्म के दौरान वह अपनी बहनों और रिश्तेदारों के साथ खुशी-खुशी डांस कर रही थी। तभी उसे अचानक घबराहट हुई और वह वॉशरूम चली गई। कुछ ही मिनटों बाद जब वह बाहर नहीं आई, तो परिवार ने दरवाजा तोड़कर देखा दीक्षा ज़मीन पर बेसुध पड़ी थी और उसकी सांसें थम चुकी थीं।

#### डॉक्टर ने क्या बताया?

परिजनों ने तुरंत गांव के चिकित्सक को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दीक्षा की मां सरोज देवी ने बताया कि जब उन्होंने बेटी को उठाया, उसकी गर्दन अकड़ चुकी थी। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने दिल का दौरा (हार्ट अटैक) बताया। दीक्षा पहले से दिल की बीमारी से पीड़ित थी और उसका इलाज दिल्ली से चल रहा था। दुल्हन की मौत की खबर से घर में कोहराम मच गया। जहां बारात के स्वागत की तैयारियां होनी थीं, वहीं हर तरफ मातम और सन्नाटा पसर गया। दीक्षा की शादी मुरादाबाद जिले के शिवपुरी गांव के सौरभ से तय हुई थी, जो एक फैक्ट्री में काम करता है। सोमवार को बारात आने वाली थी, सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। रिश्तेदार और मेहमान पहले ही घर पहुंच चुके थे। लेकिन. किसे पता था कि सजनी की जगह शव उठेगा।



#### फोटोशूट की आखिरी यादें

दीक्षा ने अपनी हल्दी और मेहंदी की रस्म में खूब फोटोशूट करवाए थे। इन तस्वीरों को उसने परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया था। हर कोई उसकी मुस्कान और सजधज को देखकर भावुक हो उठा है। अब वही तस्वीरें परिवार की आंखों से आंसुओं के साथ बार-बार देखी जा रही हैं। परिजनों ने शोक की स्थिति में पोस्टमार्टम कराने से भी इनकार कर दिया है। गांव में इस दर्दनाक घटना के बाद हर आंख नम है और हर दिल शोक में डूबा है।

#### क्यों आता है हार्ट अटैक?

हार्ट अटैक को दिल का दौरा के नाम से भी जाना जाता है। आपको बता दें कि यह उस वक्त आता है। जब हृदय की मांसपेशियों को जरूरत इतना ऑक्सीजन नहीं मिल पाता है, उसी वक्त कोरोनरी धमनियों में रुकावट अक्सर कोलेस्ट्रॉल और वसा के प्लाक के जमा होने से होती है, जो धमनियों को संकुचित कर देती है। यदि यह प्लाक टूट जाता है, तो रक्त का थक्का बन सकता है, जो धमनी को पूरी तरह से रोक देता है।

## राशिफल

**मेष** — रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** — कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन–सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** — भाग–दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** — कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** — तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन–पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता

# स्पेन के इस गांव में नागरिकों के मरने पर लगा है बैन



**बार्सिलोना**। मौत पर किसी का बस नहीं है, वो कभी भी और कहीं भी आ सकती है, उसे रोका नहीं जा सकता। मगर दुनिया में एक ऐसा देश है, जहां के एक गांव में मौत को लेकर बड़ा ही अजीब नियम है। यहां पर मरने पर पाबंद है। बेशक आपको ये बात सुनकर हंसी आ रही होगी। आप सोच रहे होंगे कि आखिर कोई मौत पर कैसे काबू पा सकता है, मगर ये जगह सच में है और ये कानून भी। आइए आपको इसके बारे में विस्तार से बताते हैं।


स्पेन के अंडालुसिया क्षेत्र के ग्रेनाडा प्रांत में स्थित एक छोटे से गांव लांजारोन में अजीबोगरीब कानून मौजूद है। यह अनोखा नियम आज से करीब 26 साल पहले, 1999 में उस समय के मेयर होसे रूबियो ने लागू किया था। उन्होंने एक आधिकारिक घोषणा जारी की थी जिसमें लांजारोन के नागरिकों से आग्रह किया गया था कि वे अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखें ताकि वे 'मरें नहीं', कम से कम तब तक नहीं जब तक नगर पालिका एक नया कब्रिस्तान बनाने की व्यवस्था नहीं कर लेती। रूबियो के इस घोषणा पत्र में साफ तौर पर कहा गया- 'लांजारोन में मरना प्रतिबंधित है।' यह बयान अपने आप में व्यंग्यपूर्ण था, लेकिन इसके पीछे गंभीर समस्या थी, गांव के कब्रिस्तान में जगह की भारी कमी।



#### मरने पर है रोक

लगातार वर्षों से यह कब्रिस्तान अधिक शवों को समाहित करने में असमर्थ हो चुका था। नगर प्रशासन पर दबाव था कि वे जल्द से जल्द कब्रिस्तान के विस्तार का उपाय करें। जवाब में मेयर रूबियो ने इस विचित्र लेकिन प्रभावशाली तरीका अपनाया। रूबियो ने कहा था, 'मैं सिर्फ एक मेयर हूं, मेरे ऊपर भगवान हैं, जो असल में सब कुछ नियंत्रित करते हैं।'

## शब्द पहेली - 5945



**बाएँ से दाए**

1. ईष्ट कृपा,वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा,बैर-3
11. जंगल,वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा,लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2. वलय,घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी,मदमस्त-4
7. यज्ञ,होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली- 5944 का हल**



## सूडोकु नवताल- 5955

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल 5954 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

# इगा स्वियातेक का विजय अभियान जारी, आसान जीत के साथ तीसरे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

विंबलडन चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चीन की गुओ हान्यू को 6-3, 6-1 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विंबलडन के फाइनल में अमांडा अनिसिमोवा को 6-0, 6-0 से हराने के बाद पहली बार कोई मैच खेल रही स्वियातेक ने जल्द ही 4-0 की बढ़त बना ली और फिर अपने विजय अभियान को 24 मैच तक पहुंचा दिया। पोलैंड की विश्व में दूसरे नंबर की खिलाड़ी स्वियातेक का अगला मुकाबला जर्मनी की ईवा लिस से होगा, जिन्होंने रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-3, 6-4 से हराया।




## शेल्टन ने मन्नारिनो को हराया

टोरंटो। बेन शेल्टन ने कैनेडियन ओपन के अपने पहले मैच में एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। शेल्टन ने एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी 25वीं जीत दर्ज की। 22 वर्षीय बेन शेल्टन फिलहाल पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ सातवें स्थान पर हैं। वह पिछले 10 में से 8 मुकाबले जीत चुके हैं। शेल्टन ने मैच के बाद कहा, आखिरी गेम में थोड़ा तनाव जरूर था, लेकिन मुझे खुशी है कि मैं अंत तक संयमित रहा और ब्रेक प्वॉइंट पर भी सर्व करते हुए मैच को खत्म कर पाया। अब शेल्टन का अगला मुकाबला 25वें वरीय ब्रैंडन नकाशिमा से होगा, जिन्होंने हमवतन खिलाड़ी एथन क्विन को 7-6(6), 6-4 से हराया। टोरंटो में इस फोर्टनाइट के दौरान शेल्टन अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीतने की कोशिश में हैं। एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में फिलहाल नौवें स्थान पर हैं। इस साल वह निट्टो एटीपी फाइनल्स में अपनी पहली उपस्थिति दर्ज कराने की ओर बढ़ रहे हैं।







## रुबलेव ने दर्ज की 250वीं जीत

इससे पहले, आंद्रे रुबलेव ने ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराकर हार्ड कोर्ट पर अपने करियर की 250वीं जीत दर्ज की। 27 वर्षीय रुबलेव ने गैस्टन के खिलाफ 19 विनर्स और 17 अनफोर्स्ड एरर्स के साथ मुकाबला समाप्त किया और तीसरे दौर में प्रवेश किया। छठे वरीय रुबलेव ने पिछले साल इसी एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में फाइनल तक का सफर तय किया, जहां उन्हें एलेक्सी पोपिरिन से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीजन का अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश में दोहा ओपन चैंपियन रुबलेव अब 28वें वरीय लोरेंजो सोनेगो से भिड़ेंगे।

## गैब्रियल तीसरे दौर में अब मुकाबला फ्रिट्ज से

टोरंटो। कनाडा के लंबे कद के खिलाड़ी गैब्रियल डायलो ने इटली के माटेओ गिगांटे को 6-3, 7-6 (5) से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में प्रवेश किया। मॉन्ट्रियल के रहने वाले छह फुट आठ इंच लंबे दाएं हाथ के खिलाड़ी डायलो ने बारिश से प्रभावित मैच में एक घंटे 46 मिनट में जीत दर्ज की। डायलो ने पिछले महीने नीदरलैंड में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता था। अब उनका सामना अमेरिका के दूसरे वरीय टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने स्पेन के रॉबर्टो कार्बालेस बाएना को 7-5, 7-6 (1) से हराया। दूसरे दौर के अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिकी खिलाड़ी बेन शेल्टन ने फ्रांस के क्वालीफायर एड्रियन मन्नारिनो को 6-2, 6-3 से और रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने फ्रांस के ह्यूगो गैस्टन को 6-2, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप




### प्रो कबड्डी लीगः 29 अगस्त से चार शहरों में खेली जाएगी

**मुंबई।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) का 12वां सत्र 29 अगस्त से शुरू होगा और इसे चार शहरों विशाखापट्टनम, जयपुर, चेन्नई और नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने गुरुवार बताया कि नए सत्र के पहले दिन विशाखापत्तनम के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में तेलुगू टाइटन्स का सामना तमिल थलाइवाज से और बेंगलुरु बुल्स का पुनेरी पल्टन से होगा। विशाखापट्टनम में 2018 के बाद पहली बार पीकेएल के मैच खेले जाएंगे। पीकेएल का दूसरा चरण 12 सितंबर से जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर हॉल में आयोजित किया जाएगा, जहां टूर्नामेंट ने 2023-24 के सत्र में अपने 1,000 मैच पूरे किए थे। तीसरा चरण 29 सितंबर से चेन्नई के एसडीएटी इंडोर स्टेडियम में जबकि चौथा और अंतिम चरण 13 अक्टूबर से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। प्लेऑफ़ का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

### जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी में खेलेंगी 30 टीमें




**काकीनाडा।** हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप शुक्रवार से शुरू होगी, जिसमें कुल 30 टीम भाग लेंगी। इस बार यह प्रतियोगिता डिवीजन आधारित प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें टीमों को तीन डिवीजन ए, बी और सी में बांटा गया है। प्रतियोगिता 12 अगस्त तक चलेगी। ए और बी डिवीजन में सबसे नीचे रहने वाली दो टीमों को अगले वर्ष के टूर्नामेंट में क्रमशः बी और सी में रेलीगेट कर दिया जाएगा।


PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that my client, Godrej Properties Limited has purchased the below mentioned land as detailed in the schedule hereunder (hereinafter referred to as "the said Scheduled Properties") vide Deed of Conveyance dated 15th July 2025, registered before the office of Sub-Registrar Office Raipur - 1.

It has come to our notice that some un-identified individuals are falsely and without any consent of Godrej Properties Limited, are illegally impersonating the brand name of Godrej Properties Limited upon illegally portraying themselves as authorized representative/ channel partners of Godrej Properties Limited and thereby advertising illegally and spreading false information about the said Scheduled Properties before the public at large upon creating fraudulent posts on Instagram/ Facebook and all other social media.

Please note Godrej Properties Limited and/or any of its subsidiary companies are nowhere related and/or connected with the publications of such fraudulent advertisements on Instagram/Facebook/Youtube and all other social medias. Hence, it is hereby notified and informed to the public at large not to rely on such false and/or fabricated representations made via such fraudulent Posts on Instagram/Facebook/ Youtube and all other social media.

THE SCHEDULE ABOVE REFERRED TO:
(Description of the said Schedule Properties)

All that pieces and parcels of land total admeasuring in the aggregate 20.249 Hectares equivalent to 50.03 Acres, or thereabout alongwith the development potential arising out of the said Property situated at situated at Village: Doma, PH no.84, R.I. Circle Raipur, Tehsil and District Raipur, Chhattisgarh, and more particularly described herein below:

| KHASRA NO. | TOTAL AREA (HECTRES | AREA (Acres) |
|---|---|---|
| 213/2 | 1.8641 | 4.6042 |
| 213/125 | 0.3159 | 0.7806 |
| 15016 | 2.9780 | 7.35 |
| 15017/1 | 12.8591 | 31.77 |
| 15017/2 | 1.7922 | 4.42 |
| 15017/3 | 0.4397 | 1.08 |
| TOTAL | 20.249 | 50.03 |

Together with all appurtenances attached thereto
This Notice is dated this of July 2025.

For GODREJ PROPERTIES LIMITED
AUTHORIZED SIGNATORY

Date 30.07.2025
Godrej Properties Limited
"Godrej Waterside" Tower II, Unit No. 109 Plot No. 5, Block - DP Sector - V, Salt Lake City Kolkata 700 091 West Bengal, India
Regd. Office: Godrej One, 5th Floor, Pirojshanagar Eastern Express Highway Vikhroli (East) Mumbai - 400 079 Tel.: +91 22 61698500
Website: www.godrejproperties.com
CIN No.: L74120MH1985PLC035308


## पांचवां टेस्ट : भारत का स्कोर 6 विकेट पर 200 के पार

# नायर ने मुश्किल परिस्थिति में खेली संघर्षपूर्ण अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ ओवल टेस्ट के पहले दिन के खेल की समाप्ति तक भारतीय क्रिकेट टीम ने 6 विकेट खोकर 204 रन बनाए। भारतीय बल्लेबाज करुण नायर ने अर्धशतक लगाया। उनके अलावा साई सुदर्शन ने 38 रन की पारी खेली। स्टम्प्स की घोषणा तक क्रीज पर इस समय नायर (52) और वाशिंगटन सुंदर (19) बने हुए हैं। बल्लेबाज करुण नायर को चौथे टेस्ट मैच में खराब फॉर्म की वजह से भारतीय प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर दिया गया था, लेकिन 5वें टेस्ट मैच में उन्हें टीम में शार्दुल ठाकुर की जगह शामिल किया गया और उन्होंने मुश्किल परिस्थिति में भारतीय टीम के लिए अहम पारी खेली और अर्धशतक लगाया।

ये इस टेस्ट सीरीज में करुण नायर का पहला अर्धशतक रहा साथ ही ये टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 9 साल के बाद यानी 3174 दिन के बाद ये अर्धशतक लगाया। इससे पहले नायर ने दिसंबर 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ ही नाबाद 303 रन की पारी खेली थी।




### सस्ते में आउट हुए राहुल और जायसवाल

पांचवें और अंतिम टेस्ट में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की खराब शुरुआत रही। यशस्वी जायसवाल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल 40 गेंदों का सामना करते हुए 14 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने 38 रन तक अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट खो दिए। नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए शुभमन गिल से टीम को अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद थी। हालांकि, अपनी ही गलती के चलते वह 21 रन बनाकर आउट हुए।

### एक सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीम बनी भारत

भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड दौरे पर चल रही एंडरसन-तेंडुलकर ट्रॉफी में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम कर ली है। भारत अब टेस्ट क्रिकेट इतिहास में किसी एक श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली भारतीय टीम बन गई है। भारत ने 2025 की इंग्लैंड सीरीज में अब तक कुल 3272 रन बना लिए हैं, जो टेस्ट इतिहास में किसी भी सीरीज में भारत की ओर से बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। इस रिकॉर्ड के साथ टीम ने 1978-79 में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाए गए 3270 रनों को पीछे छोड़ दिया।

### एक टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम के बनाए गए सर्वाधिक रन

3272* - भारत का इंग्लैंड दौरा, 2025*
3270 - वेस्टइंडीज का भारत दौरा, 1978/79
3230 - इंग्लैंड का भारत दौरा, 2016/17
3140 - इंग्लैंड का भारत दौरा, 2024
3119 - इंग्लैंड का भारत दौरा, 1963/64

## शतरंज

# प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी : दिव्या



एजेंसी ▶▶| नागपुर

ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने कहा है कि हमवतन कोनेरू हम्पी के खिलाफ फिडे महिला विश्व कप फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था। दिव्या जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचीं और एक विश्व चैंपियन के तौर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

हवाई अड्डे पर लोगों के दिखाए गए स्नेह से यह युवा खिलाड़ी अभिभूत थी। उन्नीस साल की दिव्या ने दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन 38 वर्षीय हम्पी को दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में हराया। यह दिव्या के करियर की सबसे बड़ी सफलता रही।


दिव्या से जब पूछा गया कि क्या वह फाइनल में दबाव में थीं तो उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। ' उन्होंने कहा, 'मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश कर रही थी। मैं किसी और चीज के बारे में नहीं सोच रही थी।'

### कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की

दिव्या ने इस प्रतियोगिता में एक छुपी रूस्तम के तौर पर प्रवेश किया था और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म जीतने का था और आखिरकार वह ग्रैंडमास्टर बन गईं। दिव्या ने सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म ही नहीं हासिल किया बल्कि टूर्नामेंट भी जीत लिया और अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की। साथ ही 50 हजार अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी हासिल की। इस खिलाड़ी को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि इस सफलता के बाद महिलाएं विशेषकर युवा खिलाड़ी इस खेल को बड़े पैमाने पर अपनाएंगी।

## नेपाल करेगा मेजबानी

# विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर का शेड्यूल जारी




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के क्वालीफायर मैच का शेड्यूल आईसीसी ने जारी कर दिया है। क्वालीफायर मैचों का आगाज 12 जनवरी 2026 से होगा, जो कि 2 फरवरी 2026 तक खेला जाएगा, जिसकी मेजबानी नेपाल को दी गई है। 21 दिन के इस इवेंट में कुल 10 टीमें दो अलग-अलग जगह मुलपानी, काठमांडू में आपस में भिड़ेंगी।

बांग्लादेश और आयरलैंड की टीमों ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलकर पहले ही क्वालीफायर के लिए सीधी एंट्री कर ली है, जबकि थाईलैंड और नेपाल ने, जबकि यूएसए ने टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अब बची हुई 5 टीमों में से दो-दो टीमें अफ्रीका और यूरोप, जबकि एक टीम ईस्ट एशिया पैसेफिक से ली जाएगी।

■ 21 दिन के इवेंट में 10 टीमें आपस में भिड़ेगी

दरअसल, नेपाल में होने वाले आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2026 का क्वालीफायर अहम होगा, जिसमें 10 टीमों को दो अलग-अलग ग्रुप में बांटा गया है। हर एक ग्रुप में 5 टीमें होंगी। इसके बाद सुपर सिक्स स्टेज और फाइनल मैच खेला जाएगा। पूरे शेड्यूल का ऐलान जल्द ही घोषित किया जाएगा।

### इवेंट की शुरुआत 12 जून से

आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 के शेड्यूल का पहले ही ऐलान हो गया है, जिसमें इंग्लैंड और वेल्स को मेजबानी मिली हैं। इस इवेंट की शुरुआत 12 जून से होनी है, जिसका फाइनल 5 जुलाई 2026 को खेला जाएगा। वहीं इन 24 दिनों के अंतराल में कुल 33 मैच खेले जाएंगे, जो कि 7 वेन्यू पर खेले जाएंगे, जिसमें ओल्ड ट्रैफर्ड, हेंडिग्ले, हैम्पशायर बॉल, ब्रिस्टोल काउंटी ग्राउंड शामिल है। वहीं, इस बार महिला टी20 वर्ल्ड कप 2026 का फाइनल मैच बेहतरीन होगा, क्योंकि वह लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा।

## सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिपः 23 अगस्त से नई दिल्ली में होगी शुरू

**नई दिल्ली।** सीनियर राष्ट्रीय स्क्वाश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 28 अगस्त तक नई दिल्ली में किया जाएगा। भारतीय स्क्वाश रैकेट महासंघ (एसआरएफआई) ने गुरुवार को यह घोषणा की। एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा, 'हमारी सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप तीन हफ्ते बाद दिल्ली के ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता की तारीखें 23 से 28 अगस्त हैं।' उन्होंने कहा, 'इस प्रतियोगिता में अधिकतर शीर्ष खिलाड़ियों के भाग लेने की उम्मीद है।' एसआरएफआई ने टेक दिग्गज एचसीएल के साथ मिलकर गुरुवार को एचसीएल इंडिया स्क्वाश टूर 2025-26 का भी शुभारंभ किया। पेशेवर स्क्वाश संघ (पीएसए) टूर का भारत के छह शहरों में विस्तार हो चुका है और पीएसए देश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा लाएगा, जिससे पीएसए रैंकिंग अंक, बढ़ा हुआ नकद पुरस्कार और घरेलू खिलाड़ियों के लिए विश्व स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने की राह मिलेगी।



## राष्ट्रमंडल युवा खेलों की मेजबानी करेगा माल्टा



**नई दिल्ली।** माल्टा 2027 में राष्ट्रमंडल युवा खेलों के आठवें चरण की मेजबानी करेगा, जिसमें 74 देशों के 14 से 18 वर्ष के खिलाड़ी आठ खेलों में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रमंडल खेलों की संचालन संस्था ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रमंडल खेलों की संस्था ने हालांकि इनकी तारीखों की घोषणा नहीं की कि लेकिन कहा कि यह 2027 के अंत में आयोजित होंगे। राष्ट्रमंडल खेल ने कहा, 'राष्ट्रमंडल खेल को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि आठवें राष्ट्रमंडल युवा खेल की मेजबानी माल्टा 2027 के अंत में करेगा।

# लीग कप में मेस्सी का जादू, आखिरी मिनट के गोल से इंटर मियामी को दिलाई जीत

एजेंसी ▶▶| मियामी

लियोनेल मेस्सी ने मैच के अंतिम पलों में दिखाए गए करिश्मे की मदद से इंटर मियामी ने लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हरा दिया। मेजर लीग सॉकरकी ओर से ऑल-स्टार भाग नहीं देने के कारण एक मैच के लिए निलंबित किए जाने के बाद मेस्सी और उनके साथी जोर्डी अल्बा का यह पहला मैच था। उन्होंने स्टॉपेज टाइम के आखिरी मिनट में मार्सेलो वीगन्ड्ट की विजयी गोल करने में मदद की। वीडियो समीक्षा प्रणाली के बाद ही यह गोल मान्य माना गया।




इंटर मियामी ने पहले मैच में एटलस को 2-1 से हराया


दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सिगनलिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्या:60- एसटी-टेंडर-2025, दिनांक: 22.07.2025.

कार्यः "एस एंड टी कार्य से संबंधितः (1) बिलासपुर डिवीजनः BDWA स्टेशन पर गुड्स शेड के लिए केबल शिफ्टिंग कार्य का प्रावधान। (2) करौंजी स्टेशन पर गुड्स शेड का विकास। (3) छाडा (CHDX) स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का प्रावधान। (4) बिलासपुर डिवीजन के BHTK में FOB के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य। (5) बिलासपुर डिवीजन के SBRA में FOB के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य। (6) अमलाई, बुरहार और मुदरिया रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म को ऊपर उठाना/उन्नत करना। (7) करकेली, रूपोंद और बड़वाबारा रेलवे स्टेशनों के प्लेटफार्म को ऊपर उठाना/उन्नत करना।" **निविदा मूल्यः** ₹ 4,17,61,386.30 (₹ चार करोड़ सत्रह लाख इकसठ हजार तीन सौ छियासी और तीस पैसे मात्र)। **अमानत राशिः** ₹ 3,58,800/- (₹ तीन लाख अट्ठावन हजार आठ सौ मात्र)।

**निविदा जमा होने की तिथिः 13.08.2025 के 15.00** बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/ सीपीआर/10/202 (CIC)/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-103-2025-26, दिनांकः 18.07.2025

**कार्यः** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/बागबानी/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अधिकारियों के बंगलों और स्टाफ क्वार्टरों के रखरखाव के साथ बागबानी क्षेत्रीय कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रू.)**: 79,43,595.66/-, **अमानत राशि (रू.)**: 1,58,900.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह।

क्र.सं. (2) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-104-2025-26, दिनांकः 18.07.2025

**कार्यः** 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए एसएसई (वर्क्स)/बागबानी/ बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कार्यालय आवास, सेवा भवन, खेल के मैदान और इको-पार्क के रखरखाव के साथ बागबानी क्षेत्रीय कार्यों का निष्पादन। **निविदा मूल्य (रू.)** : 61,66,056.56/-, **अमानत राशि (रू.)**: 1,23,300.00/-, **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 माह। **निविदा जमा की आरंभ तिथिः** दिनांक 29.07.2025 से, **निविदा जमा की अंतिम तिथिः** दिनांक 12.08.2025 के 11:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/200 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय
[ संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित एक केंद्रीय विश्वविद्यालय ]
डॉ. अम्बेडकर प्रशासनिक भवन, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण-845401, बिहार
ईमेलः osdadmin@mgcub.ac.in | वेबसाइटः www.mgcub.ac.in

वैधानिक पदों के लिए भर्ती सूचना

प्रथम वित्त अधिकारी एवं परीक्षा नियंत्रक के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से नियमित/ प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया विश्वविद्यालय की वेबसाइट (www.mgcub.ac.in) देखें।
**ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 है।**
CBC 21336/12/0001/2526

कार्यालय नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला - कबीरधाम (छ.ग.)

क्र./549/न.पं./लो.नि.वि./2025-26 पाण्डातराई, दिनांक 31.07.2025

:: द्वितीय ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना ::

नगर पंचायत पाण्डातराई में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मो से अधोसंरचना मद व 15वें वित्त अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु द्वितीय ई - निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. | सिस्टम नम्बर | विवरण | अनुमानित राशि (लाख में) | निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 172974 | ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य | 31.34 | 14/08/2025 |
| 2 | 172972 | हाई मास्ट लाईट स्थापना (05 नग ) | 22.42 | |
| 3 | 172979 | वार्ड क्र. 05 स्थित तालाब विकास कार्य | 47.58 | |

शर्तेः- उपरोक्त कार्यों हेतु नियम एवं शर्ते, अमानत राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन समय मे कार्यालय के संबंधित विभाग से प्राप्त की जा सकती हैं साथ ही उक्त जानकारी विभागीय वेबसाईट http//cgeproc.cgstate.gov.in व www.uad.cg.gov.in से अवलोकन किया जा सकता हैं।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com